राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 306
लखनऊ, बुधवार 8 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भाजपा नेता राहुल राठौर ने किया पौधरोपण 10

20 नवंबर तक परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करना है कामः जयवीर 03


# प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

## राष्ट्रपति सुबियांतो ने जकार्ता में आयोजित विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सुबियांतो ने जकार्ता में आयोजित विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। यह इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने इंडोनेशिया की अखंडता, संप्रभुता और सम्मान के लिए अद्भुत कार्य किए हों। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया की सरकार और वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'आज सुबह मुझे बहुत स्नेह और आदर के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। यह सम्मान कोटि-कोटि भारतवासियों का है। यह इंडोनेशिया के लोगों की भावनाओं, भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक तथा आत्मीय संबंधों का सम्मान है। 'प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति सुबियांतो, इंडोनेशिया सरकार और वहां की जनता का हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच गहरे विश्वास, मित्रता और सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।



▸ प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया की सरकार और वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया

### भारत-इंडोनेशिया के बीच रक्षा, ब्रह्मोस, अंतरिक्ष व डिजिटल सहयोग समेत 14 समझौते, कई नई पहल की घोषणा

**एजेंसी, जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली, अंतरिक्ष, दूरसंचार, स्वास्थ्य, कृषि, खनिज, आपदा प्रबंधन और चुनावी सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 14 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने सांस्कृतिक विरासत संरक्षण, डिजिटल कॉमर्स, प्रबंधन शिक्षा और खाद्य सुरक्षा समेत छह नई पहलों की भी घोषणा की, जिससे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के बीच हुए समझौतों में शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाह्य अंतरिक्ष की खोज एवं उपयोग संबंधी सहयोग समझौते का विस्तार, भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और इंडोनेशिया की औषधि एवं खाद्य नियामक एजेंसी (बीपीओएम) के बीच चिकित्सा उत्पादों के विनियमन में सहयोग, खनिज एवं इस्पात आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग संबंधी समझौते शामिल हैं। इसके अलावा समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा सहयोग संबंधी समझौते का विस्तार, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के बीच सहयोग, दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं सेवाओं, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग से जुड़े समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।



## अमित शाह ने दिल्ली में 'मिशन 70 लाख' पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया

### 300 ईवी बसों को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दिल्ली में 'मिशन 70 लाख' पौधारोपण महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा समेत अन्य नेता मौजूद रहे। यह कार्यक्रम आरके पुरम सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने आज केंद्रीय रिज और नानकपुरा रिज में पौधारोपण किया। इस दौरान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के मंत्री मौजूद रहे।



## ब्रिक्स देशों ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**एजेंसी, गुवाहाटी।** ब्रिक्स देशों ने गुवाहाटी में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स एंटी-ड्रग एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक के समापन पर गुवाहाटी घोषणा को अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संयुक्त घोषणा में सदस्य देशों ने समयबद्ध सूचना एवं खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने तथा आधुनिक तकनीक, डिजिटल उपकरणों और डेटा-आधारित रणनीतियों के उपयोग पर जोर दिया ताकि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कानून प्रवर्तन तंत्र को और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में सदस्य देशों ने सिंथेटिक ड्रग्स, न्यू साइकोएक्टिव सब्सटेंस (एनपीएस), प्रीकर्सर रसायनों के दुरुपयोग, उभरती तकनीकों और वर्चुअल एसेट्स के गलत इस्तेमाल तथा समुद्री मार्गों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सक्रिय अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही बच्चों और युवाओं सहित संवेदनशील वर्गों को नशे से बचाने के लिए जन-जागरूकता, नशामुक्ति और पुनर्वास कार्यक्रमों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(एनसीबी) के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने ब्रिक्स देशों से तेज, भरोसेमंद और रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने पर आधारित साझेदारी विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत ने नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर मार्ग धंसा, ट्रैफिक डायवर्ट

**एजेंसी, गुरुग्राम।** मंगलवार को हुई तेज बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर दिल्ली से जयपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क धंस गई। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया है। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तत्काल रूट डायवर्जन लागू किए हैं। नरसिंहपुर के पास एनएच-48 का दिल्ली से जयपुर जाने वाला लेन धंसने के कारण इस रूट पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। नगर निगम व अन्य विभागों ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया लेकिन यातायात पुलिस ने ट्रैफिक को हाइवे से दूसरे रास्ते पर डायवर्ट कर दिया। दिल्ली की ओर से जयपुर जाने वाले वाहनों को राजीव चौक से सोहना रोड की तरफ मुड़कर वाटिका चौक से एसपीआर रोड का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए।

### अगले पांच दिनों तक महाराष्ट्र में तूफानी बारिश की चेतावनी

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए महाराष्ट्र के मौसम का अनुमान जारी किया है। इसमें अगले पांच दिनों तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक के साथ तूफानी बारिश की चेतावनी दी गई है। कुछ हिस्सों में हीट वेव की चेतावनी दी गई है। मोसम विभाग ने मंगलवार को पालघर, नासिक घाट और पुणे घाट इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। इसी तरह मुंबई शहर, मुंबई के उपनगरों, सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगढ़, कोल्हापुर घाट, अहिल्यानगर, धुले जलगांव, वाशिम और वर्धा, नागपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया था। जबकि ठाणे, रायगढ़, नासिक, नंदुरबार, बुलढाणा, अकोला, सतारा घाट और अमरावती के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए श्रम एवं रोजगार और रक्षा के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक

▸ टीबी मुक्त भारत अभियान को और गति देने के लिए संस्थागत समन्वय और समन्वित कार्रवाई सुदृढ़ बनाने का दिया सुझाव



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने टीबी मुक्त भारत अभियान के कार्यान्वयन में समन्वय मजबूत बनाने और समग्र सरकारी दृष्टिकोण द्वारा इसमें तेजी लाने के लिए मंगलवार को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक की। प्रगति समीक्षा बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान को राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन में बदलने के लिए भारत की युवा शक्ति के इस्तेमाल की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा टीबी (तपेदिक) उन्मूलन के लिए सरकार और समाज के समग्र दृष्टिकोण के साथ प्रत्येक मंत्रालय, संस्था और हितधारकों द्वारा उनकी क्षमताओं और पहुंच के माध्यम से योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं, सामुदायिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों और सरकारी विभागों की सक्रिय भागीदारी जागरूकता बढ़ाने, शीघ्र निदान, उपचार के प्रति प्रतिबद्धता और रोगी सहायता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की तरफ बढ़ा जा सकेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से बातचीत में मौजूदा टीबी मुक्त भारत टोली मॉडल को व्यापक बनाते हुए, अभियान में 'मेरा युवा भारत' स्वयंसेवकों और नेशनल कैडेट कोर - एनसीसी कैडेटों की भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया।

### केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के 4 निजी स्टाफ हटाए गए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी स्टाफ में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए उनके चार प्रमुख सहयोगियों को हटा दिया है। सरकारी आदेश के अनुसार मंत्री के निजी सचिव अमर सिंह को 'प्रशासनिक आधार' पर उनके मूल विभाग राजस्व विभाग में वापस भेज दिया गया है। इसी तरह अतिरिक्त निजी सचिव शैलेश कुमार सिंह को समय से पहले कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में प्रतिनियुक्ति समाप्त कर वापस भेज दिया गया है।

## खराब मौसम के मद्देनजर एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए जारी की एडवाइजरी




**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित मुंबई और कई इलाकों में भारी बारिश के कारण हालात खराब हो चुके हैं। महाराष्ट्र के कई इलाकों में तो सरकार की तरफ से भी लोगों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, नई दिल्ली में भारी बारिश को देखते हुए टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर सहित कई इलाकों में भारी बारिश को देखते हुए यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि खराब मौसम की वजह से दिल्ली आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है। यात्रा में कोई परेशानी न हो, इसके लिए हम यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले इस लिंक पर जाकर फ्लाइट का ताज़ा स्टेटस देख लेंः https://airindia.com/in/en/manage/flight-status.html आपकी समझदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद।

## मैंने मौन धारण कर लिया, एसआईटी की पूरी रिपोर्ट आने के बाद जवाब दूंगाः चंपत राय

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

श्री रामजन्म भूमि मंदिर अयोध्या के दानपात्र चोरी प्रकरण को लेकर तीर्थ क्षेत्र के महासचिव पद से त्यागपत्र देने और ट्रस्ट की बैठक में उनका त्यागपत्र स्वीकार किए जाने के बाद वरिष्ठ प्रचारक चंपत राय ने मंगलवार को रामभक्तों के नाम पाती लिखी है। बड़े ही भावुक होकर उन्होंने लिखा है कि मैंने मौन धारण कर लिया है और एसआईटी की पूरी रिपोर्ट आने के बाद सभी बिंदुओं पर जवाब दूंगा।' वरिष्ठ प्रचारक चंपत राय द्वारा रामभक्तों के लिए लिखी गयी यह पाती सोशल मीडिया में जारी की गयी है। पाती में उन्होंने लिखा है कि क्वपिछले 06 जून से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के समय की गयी चोरी से संबंध में अनेक प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं, व्यक्तिगत मेरे ऊपर अनेकों अनर्गल आरोप लगाए हैं, मैंने मौन धारण कर लिया है।' उन्होंने लिखा है कि मंदिर ट्रस्ट की 06 जुलाई को संपन्न बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट अब सार्वजनिक हो चुकी है, यद्यपि यह परम गोपनीय थी, आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद फैलाए जा रहे सभी बिंदुओं पर अपना उत्तर क्रमानुसार दूंगा, सभी सत्य सामने आ जाएगा। वरिष्ठ संघ प्रचारक चंपत राय ने आगे यह भी लिखा है कि अक्टूबर 1991 से अयोध्या भेजा गया संगठन द्वारा मेरा प्रचारक जीवन 45 वर्ष से जहां-जहां मैं रहा, खुली पुस्तक के समान है।



▸ ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने रामभक्तों के नाम जारी की पाती




# पुलिस और गौकश के बीच मुठभेड़, 25 हजार का इनामी अशरफ घायल

▸ जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगी, तमंचा और नकदी बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**





कैसरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और एक इनामी गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। मुखबिर की सूचना पर गौ तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाश ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। कैसरगंज थाना प्रभारी राजकुमार पांडे को देर रात करीब एक बजे सूचना मिली थी कि गौ वध के मुकदमे में वांछित 25 हजार का इनामी गौ तस्कर हरनी गांव की रोड से प्यारेपुर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना पर थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी गंडारा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसकी घेराबंदी की।घेराबंदी के दौरान बदमाश ने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इसके बाद पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। घायल बदमाश को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान 40 वर्षीय अशरफ अली के रूप में हुई है, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गौकशी के छह मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

## नहर में डूबने से 24 वर्षीय युवक की मौत

**दोस्त के साथ नहाने गया था, एक को बचाया गया, दूसरे की गई जान**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना रूपईडीहा क्षेत्र में नहर में डूबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के अगले दिन युवक का शव बरामद किया गया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार, रूपईडीहा के परगहवा निवासी 24 वर्षीय जुगनू अपने एक दोस्त के साथ नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान दोनों युवक गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत नहर में छलांग लगाकर एक युवक श्रीराम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन जुगनू गहरे पानी में डूब गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया गया।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा का पीडीए भंडारा

**लोहिया वाहिनी ने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत किया आयोजन**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर 'पी.डी.ए. भंडारे' का आयोजन किया गया। यह आयोजन एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा था। समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन लोहिया वाहिनी ने इस भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव के नेतृत्व में नगर के परशुराम चौक पर मंगलवार दोपहर से शुरू हुआ। इस दौरान आम जनता और सपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव ने जानकारी दी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिले में पिछले सात दिनों से वृक्षारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 'पी.डी.ए. भंडारे' का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

# तीन दिवसीय दौरे पर जनपद पहुंचे पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा

▸ भाजपा के पास गांव, गरीब, किसान, मजदूर और शिक्षा व स्वास्थ्य का कोई एजेंडा नहीं है: राष्ट्रीय सचिव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा तीन दिवसीय दौरे पर बहराइच पहुंचे। कैसरगंज पहुंचने पर सपा विधायक आनंद यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, जिला सचिव विकास चौधरी, जिला महासचिव सुनील निषाद तथा शैलेश सिंह शैलू मौर्यवंशी समेत अनेक सपा कार्यकर्ताओं ने राम आसरे विश्वकर्मा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद विधायक आनंद यादव द्वारा आयोजित पीडीए जनसंवाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा के पास गांव, गरीब, किसान, मजदूर और शिक्षा व स्वास्थ्य का कोई एजेंडा नहीं है। इनके पास सिर्फ हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के अलावा कुछ नही है। हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में आई भाजपा की सरकार में आज दलितो, पिछड़ों और महिलाओं पर उन्हीं के भाजपाई गुंडे अत्याचार और शोषण कर रहे हैं। विधायक आनंद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विपक्ष के विधायकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। विकास के नाम पर पूरे देश मे गुजराती ठेका और पट्टा लेकर बड़े पैमाने पर लूट कर रहे है, उत्तर प्रदेश के दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर सरकार बदलने का काम करना होगा। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने महसी क्षेत्र के बेहड़ा गांव में दलित दुर्गेश गौतम की निर्मम हत्या का मामला उठाते हुये कहा कि सरे चौराहे से एक दलित नवजवान को खीच कर एक बेसमेंट में ले जाकर थाने के सामने पीट-पीट कर मार डाला गया और दस दिनों तक रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई और न अस्पताल में उसका इलाज किया गया।

# बाहर मजदूरी करने वाले श्रमिक ने अपनाई पुरुष नसबंदी

**कहा: 'परिवार की जिम्मेदारी हम पुरुषों की भी है'**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




परिवार नियोजन को लेकर समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली एक प्रेरक पहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में देखने को मिली। यहां एक पुरुष लाभार्थी ने स्वेच्छा से पुरुष नसबंदी कराकर परिवार नियोजन की जिम्मेदारी निभाने का उदाहरण प्रस्तुत किया। लाभार्थी के तीन बच्चे हैं और तीनों पुत्र हैं। वह रोजी-रोटी के लिए प्रदेश से बाहर मजदूरी करते हैं। परिवार पूरा होने के बाद उन्होंने स्वेच्छा से पुरुष नसबंदी कराने का निर्णय लिया। इस निर्णय में आशा संगिनी बुच्ची देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने परिवार से लगातार संपर्क बनाए रखा, पुरुष नसबंदी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कीं और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसके बाद लाभार्थी इस प्रक्रिया के लिए तैयार हुए। पुरुष नसबंदी के बाद लाभार्थी ने कहा कि मैं मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूं। तीन बच्चे होने के बाद मैंने सोचा कि अब परिवार पूरा हो चुका है। पुरुष नसबंदी को लेकर मेरे मन में भी कुछ शंकाएं थीं, लेकिन आशा संगिनी ने सही जानकारी दी। अब मुझे महसूस हो रहा है कि इसमें डरने जैसी कोई बात नहीं है। मैं सभी पुरुषों से कहना चाहता हूं कि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी केवल महिलाओं की नहीं, हम पुरुषों की भी है। सीएचसी मोतीपुर के अधीक्षक डॉ. महेश कुमार विश्वकर्मा ने सफल पुरुष नसबंदी के बाद लाभार्थी को अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पुरुषों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। परिवार पूरा हो जाने पर पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, सरल और स्थायी उपाय है। इससे पुरुष की कार्यक्षमता, शारीरिक क्षमता या वैवाहिक जीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता और व्यक्ति सामान्य दिनचर्या के साथ शीघ्र अपने काम पर लौट सकता है। बीसीपीएम अजय कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत दंपतियों के लिए कई आधुनिक और सुरक्षित साधन निःशुल्क उपलब्ध हैं। अस्थायी साधनों में कंडोम, छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली, माला-एन, अंतरा इंजेक्शन, कॉपर-टी तथा पीपीआईयूसीडी शामिल हैं, जबकि परिवार पूरा होने पर पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी स्थायी विकल्प हैं। प्रत्येक दंपति अपनी स्वास्थ्य स्थिति और परिवार की आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त साधन का चयन कर सकता है।

## खबरें एक नजर में

### अचानक लगी आग से ज्वैलर्स कपड़ा किताब की दुकानें जल कर खाक, लाखों रुपए का हुआ नुकसान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह मार्ग पर मंगलवार की भोर में आकाश ज्वैलर्स की दुकान में अचानक आग लग गई। जिस से हड़कंप मच गया। आग की लपट इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग दूसरी मंजिल तक फैल गई। दूसरी मंजिल पर रह रहे ओम प्रकाश अग्रवाल के परिवार किसी तरफ से घर से निकल कर अपनी जान बचाई। आग के धुवां के लपटों को देख कर आसपास के लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। आग को बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग को बुझा नहीं सके। आकाश ज्वैलर्स की दुकान के बगल पीटीशन में ही कपड़े की दुकान थी। अचानक आग लगने के वजह से आकाश ज्वैलर्स की दुकान जल ने लगी। उस के ठीक बगल में ही ओम प्रकाश की कपड़े और उसी में किताब कापी की दुकान थी। कपड़ा में आग तेजी से फैलते हुए दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। घर में रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। दुकान दार विवेक मणि ने बताया कि वह किराए पर दुकान करता है। पटेल नगर में ही उस का घर है।सोमवार की देर रात्रि को उस के बड़े भाई आकाश दुकान को बंद कर के घर गए थे। आग लगने की जानकारी आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को फोन के माध्यम से दिया। ज्वैलर्स दुकान दार आकाश मौके पर पहुंचे और किसी तरह से शटर को खोला तो आग दुकान के अंदर पूरी तरफ से फैल गई थी। धुवां भरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंचीं करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान दार आकाश ने बताया कि उस का लाखों रुपए का जेवरात जल कर खाक हो गया। जिस की गड़ना की जा रही है कि कितने का नुकसान हुआ है। दूसरी मंजिल पर लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा दीवाल तोड़ कर ऊपर गए।लगी आग को किसी तरफ से कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया गया। आग की घटना को देखकर आस पास के पड़ोस के लोग अपने अपने मकानों से बाहर निकाल आए।आग बुझने के बाद ही अपने घरों में गए। दुकान में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी हुई थी जो पूरी तरह से जल कर खाक हो गया।

### इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मां शांति हॉस्पिटल में मौत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा जनपद के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के ठोरहस निवासी रामकरन (पुत्र रामचंद्र) की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। युवक 2 जुलाई 2026 को मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुआ था। मृतक के भाई राम अचल ने बताया कि 2 जुलाई 2026 की शाम कुछ लोगों ने रामकरन के साथ मारपीट की थी। हमलावरों ने उसे बुरी तरह पीटकर एक तालाब के किनारे फेंक दिया था। अगले दिन सुबह स्थानीय लोगों ने रामकरन को वहां पड़ा देखा। राम अचल के अनुसार, रामकरन पड़री कृपाल स्थित एक सीमेंट गोदाम में काम करता था। 2 जुलाई को गोदाम से 11 बोरी सीमेंट चोरी से बेची गई थी। दबंगों ने रामकरन को धमकी दी थी कि यदि उसने किसी को बताया तो उसे जान से मार देंगे। इसी मामले को लेकर उस पर हमला किया गया था। 3 जुलाई 2026 को रामकरन को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एक दिन के इलाज के बाद भी हालत में सुधार न होने पर 4 जुलाई 2026 को उसे गोंडा के अंबेडकर चौराहा स्थित मां शांति हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया गया। अस्पताल के संचालक सुनीत कुमार मिश्रा ने बताया कि दो दिन के इलाज के बाद रामकरन को होश आया था। परिजनों से जांच कराने के लिए कहा गया था, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वे जांच नहीं करा पाए। मंगलवार दोपहर रामकरन की मौत हो गई। सूचना मिलने पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई राम अचल ने देहात कोतवाली में तहरीर दी है। देहात थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने पुष्टि की कि तहरीर मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में फंदे से लटका मिला युवक का सड़ा शव

▸ बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी सूचना, पुलिस ने दरवाजा तोड़ा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** महसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना रामगांव के रेहुआ मंसूर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बंद पड़े मकान से उठी असहनीय बदबू ने पूरे गांव को दहला दिया। बदबू से परेशान ग्रामीणों ने जब अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी, तो सच जानकर हर कोई दंग रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घर का दरवाजा खुलवाया, तो भीतर का खौफनाक मंजर देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। कमरे के भीतर गांव के ही 35 वर्षीय युवक बबलू, पुत्र बाबूलाल का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। शव इस कदर सड़-गल चुका था कि उसे पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, यह मौत करीब 10 से 12 दिन पुरानी बताई जा रही है।

**बदबू ने खोला खौफनाक राज, फॉरेंसिक टीम ने संभाला मोर्चा**

ग्रामीणों के अनुसार, बाबूलाल का घर पिछले कई दिनों से बाहर से बंद था। शुरुआत में किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन धीरे-धीरे उस घर से एक तीव्र दुर्गंध आने लगी। मंगलवार को जब यह बदबू पूरे मोहल्ले में फैल गई और सांस लेना दूभर हो गया, तब ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय रामगांव पुलिस को मामले की जानकारी दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जब बंद दरवाजे को तोड़ा गया, तो सामने बबलू का क्षत-विक्षत और गल चुका शव फंदे से झूल रहा था। लाश की हालत देखकर पुलिस ने तुरंत जिले की फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य और फिंगरप्रिंट जुटाए हैं।

**परिजनों में कोहराम, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक बबलू अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पिता की इस तरह दर्दनाक मौत से मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सफाई कर्मचारी के मांगों के निराकरण के लिए निदेशक पंचायतीराज विभाग से मिले प्रदेश पदाधिकारी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र तिवारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गौतम के नेतृत्व में निदेशक पंचायतीराज विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रांतीय संघ के पदाधिकारियों के साथ लंबित मांगों को लेकर द्विपक्षीय वार्ता निदेशक पंचायतीराज के कार्यालय कक्ष में श्री मान निदेशक महोदय की अध्यक्षता एवं संयुक्त निदेशक श्री एस एन सिंह पंचायतीराज महोदय उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें संघ पदाधिकारियों द्वारा संघ की पूर्व से लंबित मांगों विभागीय सेवा नियमावली बनाए जाने, पदोन्नति के अवसर दिए जाने के साथ ही प्रदेश में व्याप्त विभिन्न 13 सूत्रीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण की आशा व्यक्त की गई। कई मांगों का निदेशक द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण कराया गया व कई मांगों के संबंध में संयुक्त निदेशक को निर्देशित कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कहा गया साथ ही श्रीमान निदेशक महोदय ने मांगों के निराकरण हेतु संघ को अपने स्तर से शासन में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया बैठक सार्थक व सकुशल संपन्न हुई। जल्द ही सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली के लिए शासन को प्रस्ताव उपलब्ध कराया जायेगा बैठक में संघ के प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र तिवारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल महामंत्री- मयंक,संगठन मंत्री श्रवण पाल, संप्रेक्षक क्रांति सिंह सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त के समक्ष प्राप्त शिकायतों व जन समस्याओं का हो रहा निस्तारण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

विगत दिनों प्राथी भवानीभीख गुप्ता पुत्र रामसमुझ ग्राम पंचायत सुरती मौजा रामनगर तहसील सदर गोंडा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आयुक्त महोदया को विपक्षी द्वारा रास्ते का आवागमन बंद कर परिवार जन को आने के लिए मना करते थे जिस पर आयुक्त महोदया ने शिकायत को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा रास्ता का अवागमन सुचारू रूप से चालू करवा दिया ज्ञातव्य हो कि भवानीभीख गुप्ता पुत्र राम समुझ गुप्ता निवासी ग्राम सुरतीपुरवा मौजा4 रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात जिला गोंडा का पुश्तैनी रास्ता व निकास पैठार उनके ही गांव के रहने वाले विपक्षी द्वारा ग्राम सुरती पुरवा मौजा रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात जिला गोंडा ने 4 साल से जबरदस्ती व दबंगई से बंद कर रखा था जिसके लिए पीड़ित को घर से निकलकर सार्वजनिक मार्ग तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं था। पीड़ित परिवार अपने घर से किसी तरह निकलकर दूसरे के खेत से होकर सार्वजनिक मार्ग तक आता जाता था। पीड़ित परिवार थाना दिवस, तहसील दिवस तथा तमाम उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी पीड़ा बताता रहा परंतु पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सका। पीड़ित परिवार आज से कुछ महीना पहले आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल एवं अपर आयुक्त मीनू राणा से मिलकर अपनी व्यथा बताई और अधिकारियों के प्रयास से पीड़ित परिवार को अपने घर से निकलकर सार्वजनिक मार्ग तक आने-जाने का रास्ता मिल गया जिससे पीड़ित परिवार ने काफी खुशी व राहत महसूस किया।

इसी खुशी में पीड़ित परिवार आज आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के कार्यालय में सपरिवार अपनी पत्नी सूर्यकला, दो बहुयें सुशीला देवी व किरन देवी पुत्र विजय कुमार व पोता पोती के साथ लेकर आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल से सप्रेम भेंट की और उन्हें सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भवानीभीख गुप्ता का सहयोग करने वाले उनके ही परिवार के अधिवक्ता श्रीराम गुप्ता उपस्थित रहे।

# सोलर वाटर कूलर व आधुनिक शौचालय का जनपद न्यायाधीश ने किया लोकार्पण

▸ जिला न्यायालय परिसर में सुविधा विस्तार से वादकारियों को मिलेगी राहत



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद न्यायालय परिसर में नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सोलर वाटर कूलर एवं आधुनिक शौचालय का लोकार्पण जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह द्वारा किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) पवन कुमार शर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश राकेश सिंह, विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अरविन्द कुमार गौतम व अन्य न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, विद्वान अधिवक्तागण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रमिता सिंह, समाज सेवी राघव टेकड़ीवाल, सभासद सुरेश गुप्ता, तम्सील अहमद वारसी, पुष्पनाथ तिवारी, राहुल दीक्षित, पुनीत गुप्ता एवं सीताराम यज्ञसैनी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्तागण द्वारा नगर पालिका परिषद की इस पहल को न्यायालय परिसर में जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जनसुविधा के विस्तार से न्यायालय परिसर में दूर-दराज से आने वाले वादी-प्रतिवादियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को अब किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कलंदर पुरवा से भोरहा पुरवा तक 1100 मी. सड़क का विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने किया शिलान्यास



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** आरईएस विभाग के द्वारा में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया ने मंगलवार को 1100 मी लंबी सड़क का शिलान्यास किया इसके बारे में बताया गया कि यह सड़क 83 लाख 70000 रुपए में बनकर तैयार होगी और बहुत ही शीघ्र इस सड़क के निर्माण हो जाने से लोगों का आवागमन काफी सुविधाजनक हो जाएगा कहते हे भोरहा पुरवा बहुत ही उपेक्षित था इस पर मुन्ना भैया की नजर पड़ी और उन्होंने विकास की कड़ी में एक और कड़ी जोड़ने का प्रयास किया है लोग ऐसे ही मुन्ना भैया को विकास पुरुष नहीं कहते हैं बताते हैं 2017 से पहले गड्ढे में ही दिखाई दे रहा था मेहनौन किंतु आज गड्ढे ढूंढने पड़ेंगे तब शायद आपको गड्ढे दिखाई दे अन्यथा कोई ऐसा गांव नहीं है जहां पर मुन्ना भैया ने डामर सड़क या आरसीसी सड़क ना दिया हो इसीलिए लोग नारा लगाते हैं की 2027 में हैट्रिक के साथ मुन्ना भैया की वापसी होगी और मेहनौन से एक बार फिर उन्हें ही विधायक बनाकर जनता का नुमाइँदा बनाया जाएगा । आज के शिलान्यास कार्यक्रम में गन्ना समिति के अध्यक्ष भारत सिंह ,रमेश चंद्र मौर्य प्रधान पूरे नवल पहड़वा, राजकुमार मिश्रा महामंत्री, राज किशोर वर्मा, दुर्गेश पांडे , ओम प्रकाश मौर्य, राम प्रकाश मौर्य, राजेश सिंह प्रतिनिधि राजा भैया एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे ।

### गड्ढे में मिला बालक का शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में देश द्रोह में बंद सद्दाम हुसैन का 9 वर्षीय पुत्र अल्फ़ाज़ का शव मंगलवार के दिन गड्ढे में मिला है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के करन पुर ग्राम के निवासी सद्दाम का 9 वर्षीय पुत्र अल्फ़ाज़ का शव गांव के बाहर कल्लन प्रधान के खेत के पास एक गड्ढे में शव पड़ा हुआ मिला है।गड्ढे में काफी पानी भरा हुआ है। बालक की मां रुबीना ने बताया कि सोमवार के दिन उस का पुत्र अल्फ़ाज़ घर से खेलने के लिए निकला था। काफी देर तक जब घर लौट कर नहीं आया तो घर वालो ने खोजबीन शुरू किया। तब शव गड्ढे में पड़े होने की जानकारी मिली।

# अयोध्या की घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं सपा और कांग्रेसः योगी

## मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ जिले के सदर और विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्रों में 384 करोड़ की 111 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कथित चढ़ावा चोरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साध रही समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए मंगलवार को कहा कि सनातन आस्था पर प्रहार कर रहे इन दोनों दलों की वक्फ के मुद्दे पर खामोशी को देखकर तो गिरगिट भी शरमा रहा होगा। मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ जिले के सदर और विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्रों में 384 करोड़ की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में सपा और कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाये। आदित्यनाथ ने अयोध्या के कथित चंदा चोरी मामले का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग (सपा और कांग्रेस) एक घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करके हिंदुओं को अपमानित करने और आस्था पर प्रहार करने का काम कर रहे हैं, लेकिन अब यह देश कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के चंगुल में नहीं फंसने वाला है।

उन्होंने कहा, मैं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों से पूछना चाहता हूं कि अयोध्या में जिस कथित चोरी को लेकर आप हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, वक्फ के नाम पर प्रदेश में हजारों हेक्टेयर जमीन बेची गई....क्या उस पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक बार भी बोली? उन्होंने कहा कि अयोध्या के मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है, मगर वक्फ के मुद्दे पर सपा और कांग्रेस के लोगों के मुंह पर फेविकोल क्यों लग जाता है।

### हर जागरूक नागरिक को सपा और कांग्रेस से प्रश्न करने चाहियेः मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने कहा कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले, अयोध्या में राम भक्तों पर गोली चलाने वाले और हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार से संबंधित रकम को कब्रिस्तान की चहारदीवारी पर खर्च करने वाले लोग अयोध्या के प्रति कब से आस्थावान हो गए? उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों के लोगों को राम मंदिर से जुड़े मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि अब तो इन सपाइयों से और कांग्रेसियों से गिरगिट भी शरमा रहा होगा कि भाई देखो कम से कम एक नई प्रजाति आ गई है जो हमसे ज्यादा तेजी से रंग बदलती है। उन्होंने कहा कि जब सपा और कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां और लाठी चलवाते थे, भगवान राम और कृष्ण को काल्पनिक कहते थे, कांवड़ यात्रा को प्रतिबंधित करते थे, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन पर रोक लगाते थे, दुर्गा पूर्जा पंडालों पर रोक लगाते थे और अवैध बूचड़खानों में गौमाता की हत्या करवाते थे, क्या तब हिंदुओं की आस्था आहत नहीं होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जागरूक नागरिक को सपा और कांग्रेस से यह प्रश्न करने चाहिये।

# रामलला दरबार में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में विकसित हो रही रामनगरी अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना हुआ है। हाल में सामने आए चोरी प्रकरण के बावजूद राम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना कानून-व्यवस्था और जांच का विषय है, जिसकी पुलिस और एसआईटी निष्पक्ष जांच कर रही है। उनका कहना है कि भगवान श्रीराम के प्रति उनकी आस्था अटूट है और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन का क्रम सामान्य रूप से जारी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि



- 'दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, जांच एजेंसियों पर भरोसा': श्रद्धालु
- रामलला के प्रति अटूट विश्वास, व्यापार, पर्यटन पर नहीं असर

किसी एक घटना को करोड़ों लोगों की आस्था से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। रामलला हमारे आराध्य हैं और अयोध्या हमारी सनातन आस्था की प्रतीक है। हम रामलला के दर्शन को आए हैं जिससे हमें आत्मिक बल प्राप्त होता है। दिल्ली से दर्शन करने आई श्रद्धालु पूजा ने कहा कि वह रामलला के दर्शन के लिए आई हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि पुलिस एवं एसआईटी अपना कार्य पूरी निष्पक्षता से कर रही है। इस घटना का उनकी आस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## खबरें एक नजर में

### स्ट्रीट लाइट के करंट से बुजुर्ग की मौत, घर से महज 200 मीटर दूर हुआ हादसा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में सोमवार को स्ट्रीट लाइट के करंट की चपेट में आने से 60 वर्षीय होटल संचालक की मौत हो गई। वह घर से चारबाग स्थित अपने होटल के लिए निकले थे। घर से करीब 200 मीटर दूर सड़क पर बारिश का पानी भरा था, जिसमें स्ट्रीट लाइट का करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान न होने पर उसे अज्ञात मानते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उन्हें घटना की जानकारी मिली। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भतीजे विनोद कपूर ने बताया कि 60 वर्षीय संतोष कपूर चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। वह चारबाग स्थित जय मां वैष्णो भोजनालय के संचालक थे। सोमवार दोपहर वह होटल जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में थाना बीबीडी क्षेत्र के एसटीपी चौराहे के पास बारिश का पानी भरा था। इसी दौरान स्ट्रीट लाइट का करंट पानी में उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद उनकी पहचान नहीं हो सकी, जिसके चलते पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### किराना व्यापारी के घर में घुसे 2 चोरों को लोगों ने पकड़कर धुना, पुलिस को सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** घर में चोरी कर रहे 2 चोरों को लोगों ने पकड़ लिया। उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। दोनों चोर कानपुर से चोरी करने आए थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि उनके साथ और भी चोर थे लेकिन उन्हें लोग पकड़ नहीं पाए। मामला बंथरा थाना क्षेत्र के बंथरा बाजार का है। यहां के थोक किराना व्यापारी संतोष कुमार गुप्ता के घर में चोरी हुई। संतोष अपने भतीजे की हल्दी-मेहंदी में सोमवार शाम काकोरी गए थे। वहां से रात 2 बजे घर लौट आए। उसी दौरान चोर चोरी करते हुए पकड़े गए। चोरों की पहचान कानपुर के ग्वालटोली मकबरा के रहने वाले मोनिस अब्बास और मोहम्मद आसिफके रूप में हुई। व्यापारी संतोष गुप्ता ने बताया सोमवार शाम परिवार के साथ मैं काकोरी थाना क्षेत्र के अभिनंदन रिसॉर्ट चला गया था। वहां पर भतीजे प्रियांशु गुप्ता का हल्दी-मेहंदी कार्यक्रम था। वहां से हम रात 2 बजे लौट आए। पूरा घर तीन मंजिले का है। हम जैसे ही पहुंचे यहां तो गेट खुला पड़ा था। इसके बाद अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख बाहर निकल आए। हम चर्चा करने लगे कि चोरी हो गई। पुलिस को फोन लगाने जा रहे थे तभी सुनाई दिया कि सबसे ऊपर कुछ लोग धीरे-धीरे बात कर रहे हैं। थोड़ी आहट सुनाई दी तो हमने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुला लिया। चोरों ने घर के दो कमरों से 5 लाख रुपए नकद, 300 ग्राम सोने और 2 किलोग्राम चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। उनके पास से 15,000 रुपए नकद और लगभग 100 ग्राम चांदी के गहने बरामद हुए। उनके साथ और भी चोर थे, जो कार से थे। वे सब शेष जेवर लेकर भाग गए हैं। ये दोनों स्कूटी से थे तो पकड़े गए। इनके पास ताला और दरवाजा तोड़ने-टेढ़ा करने के लिए लोहे का रॉड भी था। ग्रामीणों ने जब दोनों की पिटाई शुरू की तो दोनों चोरी करने की बात कबूल की। पिटाई के दौरान दोनों चोर चोटिल भी हो गए। इनके पास 3 मोबाइल फोन और एक स्कूटी मिली।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, दो युवक घायल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। हरिकांशगढ़ी चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित हरिकांशगढ़ी चौकी के पास मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।पुलिस के अनुसार, बाइक संख्या यूपी 32 एलडी 7006 पर सवार शुभम यादव (पुत्र रामचंद्र यादव, निवासी नगर पुरसैनी) अपने एक साथी के साथ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार यूपी 40 एके 5412 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तत्काल घायलों को उनके परिजनों की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर सड़क से हटवाया, जिससे यातायात सामान्य हो सका।

# 20 नवंबर तक परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करना है कामः जयवीर

- आवंटित परियोजनाओं पर तेजी से कार्यवाही की जा रही



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्य को प्रत्येक दशा में 20 मई तक हर हाल में शुरू करने के सभी कायदार्यी संस्था को निर्देश दिए गए थे। जिन परियोजनाओं की लागत 1 करोड़ रूपये है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ नवंबर-2026 तक पूरा कर लोकार्पण किया जाना है। इस क्रम में विभिन्न संस्थाओं द्वारा उन्हें आवंटित परियोजनाओं पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। राजकीय निर्माण निगम को 32 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें से 30 परियोजनाओं की निविदा कार्यवाही प्रगति पर है और 2 परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीपीसीएल को आवंटित 65 कार्यों पर निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। 61 परियोजनाओं पर कार्य शुरू करा दिया गया हैं और 1 परियोजना का कार्य पूरा कर दिया गया है। आवास विकास परिषद को आवंटित 75 परियोजनाओं में से 41 परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर है और 32 परियोजनाओं पर निविदा की कार्यवाही प्रगति पर है। राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा स्वीकृत 305 परियोजनाओं की निविदाएं प्रकाशित की जा चुकी है। इसके सापेक्ष 247 कार्यादेश निर्गत हो चुके है एवं 58 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है।। यूपीपीसीएल संस्था को 24 कार्य 20 मई, 2026 तक प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसमें से 20 कार्य प्रारंभ हो चुके है और 04 कार्यो पर निविदा की कार्यवाही की जा रही है। सीएण्ड डीएस को नवीन स्वीकृत 126 परियोजनाओं के सापेक्ष 113 परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा 13 परियोजनाएं निविदा की प्रक्रिया में है। आवास विकास परिषद को 75 योजनाएं स्वीकृत हुई थी, जिनके सापेक्ष 41 परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया राजकीय निर्माण निगम को 32 परियोजनाएं स्वीकृत की गई थी, जिनमें से 30 परियोजनाओं की निविदा कार्यवाही प्रगति पर है और 02 परियोजनाएं के कार्य शुरू करा दिए गए है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पर्यटन विकास की परियोजनाएं स्वीकृत कर कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित किया गया है। इसका उद्देश्य विरासत के साथ विकास और सांस्कृतिक चेतना के केन्द्रों का जीर्णोद्धार कर पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन क्षेत्र में बढ़ते निवेश एवं रोजगार के साधन की असीमित संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार इस दिशा में विशेष फोकस कर रही है।

# बाबरी के चंदे और मदरसों के कदाचार पर भी बोल दें अखिलेश, वोट बैंक हो जाएगा नाराजः ब्रजेश पाठक

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाला बताया। पाठक ने कहा कि सपा और कांग्रेस की हिम्मत नहीं है कि वे मदरसों में चल रहे कदाचारों पर सवाल उठा सकें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से बातचीत में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर एसआईटी जांच का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसी भी दोषी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण पर एसआईटी जांच चल रही है। कोई भी दोषी बचे न और कड़ी कार्रवाई हो, यह सरकार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।श्री पाठक ने राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने जोर देकर कहा



- सनातन संस्कृति की पताका को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

कि सरकार सनातन संस्कृति की पताका को और चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस और अन्य दल राम मंदिर चढ़ावे पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन बाबरी मस्जिद सहित मुस्लिम प्रतिष्ठानों, मस्जिदों या मदरसों के चंदे और कदाचार पर कभी सवाल नहीं उठाते।

# बैंक मैनेजर पति पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की शिकायत पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सीनियर मैनेजर पति सहित पांच ससुरालियों के खिलाफदहेज उत्पीड़न, मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और स्त्रीधन हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**ढाई साल पहले हुआ था निकाह**

पीजीआई थाना क्षेत्र निवासी मंतशा जावेद ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका निकाह 27 जनवरी 2024 को मोनिस खान से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास, जेठ, ननद और बहनोई की ओर से उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष लगातार मायके से 20 लाख रुपए नकद और एक एमजी विंडसर कार लाने का दबाव बना रहा था। इसके अतिरिक्त, पति के नाम पर फ्लैट खरीदने के लिए होम लोन और पर्सनल लोन लेने के उद्देश्य से उनके गहने भी मांगे गए। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता ने इन मांगों का विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया गया।पति पर यह भी आरोप है कि उन्होंने तीन तलाक की धमकी देकर कार बुक करवाई और अन्य महिलाओं से संबंधों का विरोध करने पर उन्हें अपमानित कर घर से निकालने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि 22 दिसंबर 2025 को उन्हें मायके भेज दिया गया। बाद में ससुराल वालों ने घर में ताला लगा दिया और उन्हें वापस नहीं बुलाया। इसके बाद 2 जनवरी 2026 को बिना किसी पूर्व बातचीत के एकपक्षीय तलाक का नोटिस भेज दिया गया। ससुराल पक्ष ने मोबाइल, सोशल मीडिया और ईमेल सहित सभी माध्यमों से उनसे संपर्क समाप्त कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार ने निकाह में लगभग 34.60 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके अलावा, 233 ग्राम सोना, 100 ग्राम चांदी और एक डायमंड स्टडेड प्लैटिनम रिंग सहित अन्य आभूषण स्त्रीधन के रूप में दिए गए थे, जिन्हें ससुराल पक्ष ने अपने कब्जे में रख लिया और लौटाने से इनकार कर दिया। मंतशा जावेद की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने पति मोनिस खान समेत पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की विस्तृत विवेचना शुरू कर दी है।

# मायावती ने राम मंदिर और बद्रीनाथ चढ़ावा विवाद की निष्पक्ष जांच की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर और उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामलों की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े ऐसे मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना बेहद जरूरी है। बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि यूपी के अयोध्या में श्री राम मन्दिर के बाद अब उत्तराखण्ड स्टेट में भी बद्रीनाथ धाम चढ़ावा में चोरी व गबन आदि होने का मामला काफी सुर्खियों में हैं। इन दोनों विख्यात धार्मिक स्थलों में इनके ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबन्धकों की भी सही से



जांच होनी चाहिये वरना फिर आगे चलकर इनकी आड़ में इनके स्थान पर दूसरे बने मुख्य प्रबन्धक भी इसका दुरुपयोग कर सकते हैं क्योंकि ऐसी आम चर्चा है कि निचले स्तर पर जो भी गड़बड़ी हुई है तो उसके लिए या तो मुख्य प्रबन्धकों की मिलीभगत है या फिर उनकी लापरवाही की वजह से यह सब कुछ हुआ है। अतः इस प्रकरण की अब सही से जाँच होनी बहुत जरूरी है तथा इस मामले में सरकार व एस.आई.टी. को भी विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि सपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी आदि के जिन वरिष्ठ नेताओं द्वारा यहाँ (श्री राम मन्दिर) चढ़ावे में काफी मोटी रकम की चोरी व गबन आदि होने की बात कही जा रही है तो उनसे भी इसके पुखह्ता सबूत लेने चाहिये, ताकि कोई भी चोरी व गबनकर्ता बच ना सके। इसकी आड़ में इसे कोरी राजनीति ही माना जायेगा अर्थात् श्रद्धा नहीं, जो जनहित के मुद्दों को दरकिनार करके, अब इस मुद्दे की आड़ में ये पार्टियां चुनाव में जाना चाहती हैं, ऐसी भी आम चर्चा है। गौरतलब है कि अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े चढ़ावे के कथित गबन और अनियमितताओं के आरोपों के बीच सोमवार को ट्रस्ट की पहली अहम बैठक हुई। बैठक में ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नए महामंत्री की नियुक्ति तक कृष्ण मोहन को अंतरिम महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति के लिए एक समिति गठित की गई है। इस समिति की सिफारिशों पर विचार करने और आगे की प्रक्रिया तय करने के लिए ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को बुलाई गई है।

# इतिहास को तोड़-मरोड़ कर अर्कवंशियों के त्याग को मिटाने की हो रही साजिशः अर्कवंशी क्षत्रिय महासभा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ प्रेस क्लब में अर्कवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा एक अत्यंत महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महासभा के अध्यक्ष इंजीनियर आर. ए. सिंह अर्कवंशी और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने संडीला और मलिहाबाद के प्राचीन इतिहास को लेकर एक विशेष वर्ग और राजनीतिक ताकतों द्वारा रचे जा रहे षड्यंत्र का पर्दाफाश किया। महासभा के अध्यक्ष ई. आर. ए. सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि संडीला और मलिहाबाद के गौरवशाली प्राचीन इतिहास को फर्जी तरीके से तोड़-मरोड़ कर अर्कवंशी समाज के त्याग और बलिदान को समाप्त करने की एक गहरी साजिश रची जा रही है। उन्होंने ऐतिहासिक साक्ष्यों को मीडिया के सामने रखते हुए सिद्ध किया कि दिल्ली और अवध के बड़े भू-भाग पर अर्कवंशी (अरख) जाति का आधिपत्य रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान महासभा द्वारा निम्नलिखित अकाट्य दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत किए गए गजेटियर ऑफ द प्रोविंस ऑफ अवध (भाग-3, 1878, पृष्ठ 301) इसमें स्पष्ट दर्ज है कि अरख वंश के दो सगे भाइयों,सल्हीय और मल्हीय ने क्रमशः सलहिया पुरवा (वर्तमान संडीला) और मलिहाबाद नगर की स्थापना की थी। 14वीं शताब्दी के अंत तक इस पूरे क्षेत्र पर अर्कवंशियों का राज था। तारीख-ए-संडीला (1913) संडीला के तत्कालीन तालुकेदार राजा दुर्गा प्रसाद द्वारा लिखित इस उर्दू पुस्तक में भी साफ वर्णित है कि सल्हीय ने संडीला और मल्हीय ने मलिहाबाद बसाया था। जाति अन्वेषण (भाग-1, पृष्ठ 108-109) एवं जाति माला प्रसिद्ध इतिहासकार पंडित छोटेलाल शर्मा द्वारा रचित इन ग्रंथों में प्रमाण है कि 14वीं सदी तक मुरादाबाद से लेकर लखनऊ (मलिहाबाद) के बीच अर्कवंशी समाज के वीर योद्धा राजाधिराज के रूप में स्थापित थे।

### चार थानों के प्रभारी बदले

#### नगराम, नाका, मदेयगंज और निगोहां को मिले नए थानाध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को प्रशासनिक फेरबदल किया गया। इस दौरान चार थानों के प्रभारियों को बदला गया है। नगराम,नाका, मदेयगंज और निगोहां थानों को नए थानाध्यक्ष मिले हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मदेयगंज के थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह को नगराम थाना भेजा गया है। वहीं, नगराम के थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी को नाका थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, निगोहां के थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी का तबादला मदेयगंज किया गया है।

**सलाह** | **शादी तभी करिए जब आत्मनिर्भर हो जाइए**

# पढ़ाई के दौरान ही लड़कियों को बच्चा हो जाता है ऐसा पराक्रम मत करिएः राज्यपाल

- वास्तविक विकास वही है जो आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन समन्वय हो

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एकेटीयू के दीक्षांत समारोह के दौरान कहा कि पढ़ाई के दौरान लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं। कइयों को बच्चा भी हो जाता है। उस बच्चे की जिम्मेदारी जानते हैं किस पर जाती है? सरकार पर जाती है। ऐसा पराक्रम आप लोग मत करिए। दूर रहिए इन पराक्रमों से। मैं लव मैरिज के खिलाफनहीं हूं, आप करिए लव मैरिज। आपको उनसे प्रेम है, उनको आपसे प्रेम है तो शादी करिए। लेकिन, शादी तभी करिए जब आत्मनिर्भर हो जाइए। मेरा बेटा बेंगलुरु पढ़ने गया। मैंने उससे कह दिया था कि अगर कोई लड़की पसंद आए तो बता देना, शादी करा देंगे। उसे कोई पसंद ही नहीं आई। राज्यपाल मंगलवार को कुलाधिपति के तौर पर लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 24वें दीक्षांत समारोह में पहुंची थीं। उन्होंने 62537 स्टूडेंट्स को डिग्री और 53 रिसर्चर को पीएचडी की उपाधि दी गई। कुलाधिपति ने सबकी डिग्री डिजिलॉकर पर अपलोड की। तकनीक से यदि हमारी पहचान खोती है तो क्या ये सही है? वास्तविक विकास वही है जो आधुनिकता और



परंपरा का बेहतरीन समन्वय हो। आज कई यूनिवर्सिटी में पांडुलिपि पड़ी है, उसे कोई देखने वाला नहीं है। इसलिए हमारे पीएम ने दुर्लभ पांडुलिपि के डिजिटल संरक्षण के लिए उसे दिल्ली के एक सेंटर पर एकत्रित करवाया है। आप सिर्फ तकनीक के उपभोक्ता न बनिए, इसके सृजनकर्ता भी बनिए। डीआरडीओ के वैज्ञानिक क्रूज मिसाइल भी बना रहे हैं। डराते हैं न आसपास के लोग भारत को? हम डरने वाले नहीं हैं। डराने वाले भी नहीं हैं। पहले हम सभी मिसाइल तोप विदेशों से मंगवाते थे, आज ये समय आ रहा है कि विदेशों को देते हैं। हाल ही में आईएनएस धुना गिरि सहित कुल 3 युद्ध पोत सेना को सौंपे गए हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है कि इनकी परिकल्पना और निर्माण पूर्णतः स्वदेशी है। भविष्य में ऐसे शास्त्रों के निर्माण का सोचिए। ऐसे ही स्वदेशी तकनीकी से बने 40 विमानों का निर्माण भी हो रहा है। आपका सपना होना चाहिए कि हमें इसमें भी काम करना चाहिए। 3 यूनिवर्सिटी में विजिट किया, जहां एडमिन कॉरिडोर था। एक कॉर्नर पर एडमिन ब्लॉक में 2 मंजिल में लाइब्रेरी बनी है। लाइब्रेरी में बच्चे 1 किमी दूर से पढ़ने जाते हैं, 2 किमी दूर हॉस्टल है। उनमें पढ़ेगा कौन? क्या राज्य सरकार ने जो बजट दिया, उसका उपयोग ही करना है।

# पिटाई से घायल युवक की मौत पर हंगामा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बंथरा में बाइक से बकरी को टक्कर लग जाने पर एक युवक को लाठी से पीटा गया। आज मंगलवार को 10 दिन बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन आरोपियों पर एफआईआर लिखवाने थाने पहुंचे। वहां रिपोर्ट न लिखे जाने के बाद उनका आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने मृत युवक का शव बंथरा थाना क्षेत्र के फतेहगंज-नारायणपुर रोड पर रख दिया और नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि पुलिस को आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करनी होगी। पुलिस सुबह 8 बजे से समझाती रही। दोपहर डेढ़ बजे जब आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की तब ही लोग सड़क से हटे। बंथरा के मवई पड़ियाना निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार 27 जून को अपनी बाइक बनवाने मवई चौराहा जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक के सामने बकरी आ गई। उसे हल्की टक्कर लगी तो गांव के



- शव रखकर किया प्रदर्शन

महिपाल और उनके भतीजे अनीस ने जितेंद्र की पिटाई कर दी, जिससे जितेंद्र को गंभीर चोटें आई थीं। जितेंद्र की पिटाई की सूचना मिलने पर घरवालों ने उसे दुबग्गा स्थित न्यू लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। मृतक जितेंद्र के चाचा अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने बंथरा थाने में मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया था, लेकिन आरोपी पक्ष और उनके बीच समझौता हो गया। आरोपियों ने इलाज का खर्च उठाने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने आधे-अधूरे इलाज के बाद पैसे देना बंद कर दिया, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने जितेंद्र को डिस्चार्ज कर दिया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजन जितेंद्र को उसकी बहन पिंकी के घर खुशहालगंज ले आए, जहां सोमवार की रात उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार तड़के करीब 6 बजे वे बंथरा थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उनका गुस्सा फूट पड़ा और प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने फतेहगंज-नारायणपुर रोड स्थित मवई चौराहे के पास जितेंद्र का शव रख दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह अपनी पूरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूल जा रही साइकिल सवार छात्रा घायल

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूल जा रही छात्रा की साइकिल में पीछे से ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की छात्रा काफी दूर सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कबरा निवासी पूजा पुत्री तेजपाल कस्बा कटरा स्थित श्री बलवंत सिंह इंटर कॉलेज में क्लास 10 की छात्रा है। सोमवार सुबह लगभग 7.30 बजे पूजा अपने घर से स्कूल जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुसरो कॉलेज के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने पूजा की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पूजा को उपचार के लिए कटरा सीएससी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन सीएससी पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा कि गंभीर रूप से घायल पूजा को उसके परिजन उपचार के लिए बरेली ले गए हैं जहां उसका उपचार चल रहा है।

### अक्टूबर से शुरू होगी धान खरीद, प्रचार-प्रसार को दिशा निर्देश जारी

**शाहजहांपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्रय संस्थाओं के माध्यम से धान खरीद किए जाने के लिए निर्गत समय सारिणी जोकि अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग जवाहर भवन, लखनऊ के अनुसार 1 अक्टूबर 2026 से सरकारी धान खरीद प्रारम्भ की जाएगी। जानकारी देते हुए डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि शासनादेश के बिन्दु संख्या 5 के अनुसार मण्डी, यार्डो आदि में फ्लेक्सी बैनर आदि का प्रदर्शन करते हुए किसान पंजीयन व क्रय योजना का प्रचार-प्रसार कृषि उत्पादन मण्डी समिति द्वारा कराया जाएगा। मंडी पुवायां, रोजा, तिलहर, जलालाबाद के मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वह लोग समय सारिणी में जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, मण्डी याडों आदि में पलेक्सी बैनर, होर्डिंग्स आदि का प्रदर्शन करते हुए किसान पंजीयन व क्रय योजना का प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

### गौकशी प्रकरण में सात आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में चार्जशीट प्रस्तावित

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम विकरनपुर में वर्ष 2025 में दर्ज गौकशी के चर्चित मामले में खुदागंज पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए सात आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी है।पुलिस अभिलेखों के अनुसार 9 जुलाई 2025 को थाना तिलहर में गौकशी के संबंध में सात नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य द्वारा की गई। विवेचना के दौरान आरोपियों के आपराधिक इतिहास, आय के स्रोत एवं चल-अचल संपत्तियों का गहन सत्यापन कराया गया।जांच के दौरान मुख्य आरोपी भूरा के कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल, एक टाटा पिकअप और एक जायलो कार को विधिक प्रक्रिया के तहत सीज किया गया। पुलिस ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयान तथा अन्य अभिलेखों के आधार पर आरोपों की पुष्टि करते हुए गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस द्वारा तैयार विवेचना के अनुसार मु0अ0सं0 330द25, धारा 2द3 गैंगस्टर एक्ट में भूरा पुत्र मोहम्मद उमर, मोहम्मद तौकीर पुत्र मोहम्मद जहांगीर, मुजीब कुरैशी पुत्र शफी अहमद, मुन्ना उर्फ बहरा पुत्र शफी अहमद, अनीस पुत्र लल्लू उर्फ हिरना, मुन्ना पुत्र मोहम्मद उमर तथा कल्लू कुरैशी पुत्र सदीक कुरैशी को आरोपी बनाया गया है। खुदागंज पुलिस का कहना है कि विवेचना निष्पक्ष एवं साक्ष्य आधारित ढंग से पूरी की गई है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सभी सात अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तावित कर दिया गया है।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, महिलाओं समेत 11 लोग घायल, दोनों ओर से क्रास रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बच्चों के विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने से दोनों पक्षों के 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी की डॉक्टरी कराकर दोनों की ओर से क्रास रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर से सटे गांव सलेमाबाद पट्टी निवासी नजमा पत्नी फारूख ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती पांच जुलाई की दोपहर करीब एक बजे गांव के ही इशाक, राजाक, रिजवान व नन्हे पुत्रगण शाकिर अली ने उसके परिवार के लोगों को गाली-गलौच करते हुए लाठी डन्डो से पीटकर तरह घायल कर दिया। जिसमें मरहम पत्नी रहीस मोहम्मद, शबरूध्दीन, फहीमउध्दीन, जीनत, हुस्नतारा गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर पहुंची भीड़ को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। उधर इशाक पुत्र साकिर अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि बच्चो के झगड़ा को लेकर पांच जुलाई को अपरान्ह करीब ढाई बजे नसरुद्दीन पुत्र जलील व इदरीस पुत्र इशरार व सबरुद्दीन पुत्र रहीशुद्दीन व फारुख पुत्र जलील ने गालिया देते हुये दरबाजे पर आकर उसके भाई दिलशाद व उस्मान पुत्र साकिर अली , नसीमा पत्नी दिलशाद व उसकी बेटी समा , गुलसम व सवीना को लाठी डण्डो से पीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये।

### बेटी को प्रताड़ित व पिटाई करने के मामले में दामाद समेत तीन नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** विवाहिता बेटी को प्रताड़ित कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में पीड़ित पिता ने दामाद समेत तीन लोगों के खिलाफ घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निगोही थाना क्षेत्र के गांव उदरिया मझरा उदारा निवासी वीरेंद्र पाल पुत्र श्री कृष्ण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी बेटी ज्योति देवी का विवाह तिलहर के गांव गोपालपुर नगरिया निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र बंधूलाल के साथ वर्ष 2022 में विवाह किया था ।आरोप है कि ज्योति को दामाद नरेन्द्र कुमार व उसके जदुवीर व सास सदावती आये दिन प्रताडित कर मारपीट करते रहते है ।आरोप है कि बीती 23 जून को करीब 6 बजे उक्त सभी लोगो ने ज्योति के साथ मारपीट की ।जिससे वह बेहोश हो गयी ।होश आने पर बेटी ने फोन पर सारी घटना बतायी । तब वह अपने बहनोई जगराम के साथ उनके घर पर पहुंचे और डायल 112 पर फोन किया ।आरोप है कि तभी उक्त लोगो ने उसके व वहनोई जगराम के साथ भी मारपीट कर एलानिया कहा तुम्हारी लड़की को जान से मार देंगे। उसने एम्बूलेंस से घायल बेटी को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया ।जहां उसका इलाज चल रहा है।

### सांड की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत



**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अजमाबाद बिहारीपुर निवासी स्व सत्यभान सिंह की पत्नी विनीता देवी 51 पोती की दवा दिलाकर भतीजे के साथ वाइक से गांव बापस लौट रही थीं। इसी दौरान शाम करीब सवा सात बजे कुदकापुर मोड़ पर बाइक से अचानक एक सांड आ टकराया। वाईक असंतुलित होते ही विनीता देवी सड़क पर सिर के बल जा गिरीं ।जिससे उनके नाक कान और मुंह से खून आने लगा। मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही उनके बेटे बहुएं व गांव के पूर्व प्रधान सुख सागर सिंह उर्फ रिंकू सिंह भी मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने आनन फानन में एंबुलेंस से घायल विनीता देवी को तिलहर सीएचसी भिजवाया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इस घटना से घर में कोहराम मच गया।

# कांवड़ यात्राः ड्रोन कैमरों से संवेदनशील स्थलों की निगरानी

- कांवड़ यात्रा का पुलिस अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी सौरभ दीक्षित जनपद के निर्देशन में आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से एसपी ग्रामीण दिक्षा भंवरे द्वारा सीओ गोला- लखीमपुर खीरी एवं सीओ पूरनपुर- पीलीभीत के साथ अंतरजनपदीय समन्वय स्थापित करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का सूक्ष्मता से परीक्षण कर निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों द्वारा यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख चैराहों, तिराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील बिन्दुओं, सीमा क्षेत्रों, बैरिकेडिंग स्थलों, डायवर्जन प्वाइंट, पार्किंग स्थलों तथा संभावित विश्राम स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। मार्ग पर यातायात का सुचारु संचालन बनाए रखने, भारी वाहनों के डायवर्जन, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि काँवड़ यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग पर निरंतर प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक संवेदनशील स्थान पर पर्याप्त पुलिस



बल एवं अधिकारी नियुक्त किए जाएँ। भीड़ नियंत्रण हेतु पूर्व से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करते हुए बैरिकेडिंग, रूट मैनेजमेंट एवं वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को समय रहते पूर्ण कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग पर स्थापित किए जाने वाले पुलिस सहायता केन्द्रों, नियंत्रण कक्ष, चिकित्सीय सहायता, एम्बुलेंस व्यवस्था, अग्निशमन संसाधनों, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि यात्रा मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण कर लिया जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कैमरे स्थापित किए जाएँ। ड्रोन कैमरों एवं अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित होने वाली भ्रामक अथवा अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर सतर्क दृष्टि रखते हुए तत्काल तथ्यात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखते हुए प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने तथा जनपदों के मध्य सतत समन्वय एवं सूचना आदान-प्रदान बनाए रखने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निराकरण किया जा सके।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुगम यातायात को पुलिस प्रतिबद्ध

एसपी ग्रामीण दिक्षा भंवरे ने कहा कि शाहजहांपुर पुलिस आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इसके लिए संबंधित जनपदों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी धार्मिक यात्रा संपन्न कर सकें।

## दीवार गिरने से दबकर मासूम छात्रा की दर्दनाक मौत

- पुलिस व राजस्व टीम मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा



**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम उदियापुर में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय मासूम छात्रा की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व राजस्व टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजनों के अनुसार मुनेन्द्र की आठ वर्षीय पुत्री नताशा मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे घर के पास एक दीवार के निकट खेल रही थी। इसी दौरान अचानक निर्माणाधीन मकान की दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे नताशा मलबे में नीचे दब गई। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मासूम की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुवायां में हल्की बारिश में ही तालाब में तब्दील हो जाती हैं प्रमुख सड़कें

- नाले की सफाई नहीं होने के कारण नगर में जलभराव

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**







हल्की बारिश में ही पुवायां नगरपालिका की पोल खुल गई है। नालों की सफाई नही होने के कारण नाले का पानी सड़कों पर भरा है। उसी गन्दे पानी से होकर स्कूली बच्चे व नगरवासी निकलने को मजबूर है। बण्डा रोड़ स्थित दुकानदारों का कहना है कि नाले चोक होने के कारण दुकानों में जलभराव की स्थिति उतपन्न हो रही है अगर नगरपालिका इन नालों की साफ सफाई कराती तो सड़को व दुकानों में गन्दा पानी नही भरता। मंगलवार को करीब आधा घंटे की बारिश ने नगरपालिका के विकास कार्यों की पोल खोल के रख दिए। नाले में साफ सफाई नही होने के कारण पुवायां की मुख्य बाजार राजा मार्केट, शेर बाली गली में सड़क पर पानी भर गया है। दुकानदारी करने आये ग्राहक व स्कूली बच्चों को निकलने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई बच्चें सड़क पर फिसल कर गिर पड़े। लोग जोखिम में जान डालकर अपने वाहनों से निकल रहे है। लेकिन इस समस्या को नगर पालिका के कर्मचारी गम्भीरता से नही ले रहे है। जबकि नगर के लोगों का कहना है कि साफ सफाई के मामले में पुवायां किसी समय प्रथम स्थान पर था। लेकिन लगता है कि वह केवल कागजों तक ही सीमित है। कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

**बण्डा रोड़ के दुकानदार भी परेशानः** भारी बारिश के चलते नाले का पानी दुकानों में घुस जाता है जिस कारण हजारों रुपए का सामान बर्बाद हो जाता है। जिसकी शिकायत दुकानदारों ने नगर पालिका में कई बार की लेकिन कर्मचारियों के कान में जूं तक नही रेंगी। दुकानदारों का कहना है नाले का पानी भर जाने के कारण ग्राहक भी दुकान पर नही आते है।

# आदर्श नगर कालोनी की सडकें बारिश में बन जाती हैं तालाब

- मुख्यमंत्री के पोटर्ल पर शिकायत करने पर भी नहीं मिली क्षेत्रवासियों को निजात, गंदे पानी से गुजर रहे हैं स्कूली बच्चे

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा में मंगलवार की दोपहर से रुक-रुक कर हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। महानगर का रोजा जोन जरा सी बारिश से जलमग्न हो गया। गलियां, मुख्य बाजार में पानी भर गया। वही, जगह जगह जलभराव ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। जलभराव की शिकायत किये जाने के बाबजूद नगर निगम के अधिकारियों व जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि मूक दर्शक बने बैठे हुए हैं। मासूम स्कूली बच्चों को सड़कों पर भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा रहा है। इन बच्चों के साथ कोई भी हादसा हो सकता है। बता दें कि 24 अप्रैल 2019 को इस क्षेत्र को नगर निगम में शामिल किया गया था। इससे पहले यह नगर पंचायत में था। बताते है कि पानी का निकास न होने के कारण बल्लियां मोड़ से लेकर मालगोदाम रोड़ पर जरा सी बारिश में सड़कें तालाब के रूप में बदल जाती है। इसका एक और कारण है कि नगर पंचायत के दौरान बारिश से पहले नालों की तलिझाड़ सफाई अभियान चलाया जाता था, लेकिन जब से रोजा को नगर निगम के आधीन किया गया है,तब से इसकी हालत बद से बद्तर हो गई है। पहले यदि कहीं जलभराव हो जाता था तो नगर पंचायत अध्यक्ष या सभासद से शिकायत करने पर समस्या का समाधान हो जाता था, लेकिन जबसे रोजा क्षेत्र नगर निगम के आधीन हुआ है तब से यहां की जनता किसी से अपनी शिकायत नहीं कर पाता है और न ही उसकी सुनी जाती हैं। रोजा की जनता नगर निगम बनने से अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। क्षेत्र के बल्लियां मोड़, आदर्श नगर कालोनी गली नंबर नौ से लेकर सात तक सड़क जरा सी बारिश में जलमग्न हो जाती हैं। जिससे राहगीरों और दुकानदारों से स्कूली बच्चों को भरे पानी से निकलना पड़ता है। वहीं जलकल विभाग ने खुदी सड़कों को दुरुस्त न कराने से बारिश का पानी कहां गड्ढे में भरा हुआ है लोगों को पता नहीं चलता है और वे चुटेल हो जाते हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री के पोटर्ल पर शिकायत की गई थी। पोटर्ल पर शिकायत होते ही नगर निगम के पूर्व नगर आयुक्त संतोष शर्मा से लेकर कई अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और गली नंबर सात से लेकर नौ तक की सड़क ऊंची कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन वह आश्वासन हवा में उड़ गया। कुछ समय बाद नगर निगम के चुनाव हुए तो क्षेत्रीय लोगों को आस हुई कि वे जिस प्रतिनिधि को चुनेंगे वह इस जटिल समस्या से निजात दिलायेंगे, लेकिन ये आस भी उनकी टूटी नजर आ रही है। फिलहाल लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से गुहार की है कि सड़क को ऊंची कराया जाये ताकि जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े।

## युवक के कब्जे से अवैध पौनिया व कारतूस बरामद

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा देख उसकी तलाशी ली । जिसमें उसके कब्जे से एक पौनिया व दो करतुष बरामद हुए। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर फत्तेपुर गैसरा मार्ग पर सरऊ पुलिया के पास एसआई देवेश कुमार ने टीम के साथ एक संदिग्ध हालत में खड़े युवक की तलाशी ली । उसके कब्जे से एक पौनिया व कारतूस बरामद हुए । पकड़ा गया युवक गांव टाह बनारस निवासी विजय सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह है । जिसे मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया गया है।

# नियुक्तिः अब आपदा में मदद को आपके द्वार पहुंचेंगे वालींटियर

- जनपद में नागरिक सुरक्षा का गठन, 70 वालींटियर किए गए नियुक्त
- शाहजहांपुर में 615 वालींटियर किए जाएगें, आपदा में रहेंगे अलर्ट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अब अगर आपके शहर में आपदा, स्वास्थ्य समेत अन्य कोई इमरजेंसी होगी तो आपकी परेशानी में मदद को आपके द्वार नागरिक सुरक्षा के वालींटियर (स्वयंसेवक) आपके द्वार आएगें। क्योंकि अब शासनादेश के क्रम में जनपद में भी नागरिक सुरक्षा वालींटियर नियुक्त कर दिए गए हैं। इनको मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित



सैनिक कल्याण बिल्डिंग में नागरिक सुरक्षा आफिस में 70 वालींटियर को नियुक्ति पत्र व आई कार्ड बांटे गए। नियुक्ति पत्र पाकर वालींटियरों ने खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि जो उनको जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह ईमानदारी व मेहनत के साथ निर्वहन करेंगे। नियुक्ति पत्र नागरिक सुरक्षा आफिस के स्टाफ उमाशंकर मिश्रा, महविश खान, कुंवर बहादुर सिंह ने वितरित किए। आफिस के कार्मिक उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि शासनादेश के क्रम में जनपद में 615 नागरिक सुरक्षा वालींटियर नियुक्त किए जाएगें। जिनमें अभी 70 की नियुक्ति पूरी कर ली गई है, शेष वालींटियर की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। इन लोगों को ड्यूटी के हिसाब प्रति माह लगभग 5-6 हजार रुपए मानदेय भी दिया जाएगा। इसमें जुड़ने के लिए व्यक्ति कम से कम हाईस्कूल पास हो, पुलिस वेरीफिकेशन में रिकॉर्ड ठीक होना चाहिए। उम्र 18-50 वर्ष रखी गई है। साथ ही साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि डाक्यूमेंट्स जमा करने होगें। उन्होंने बताया कि यह एक स्वैच्छिक बल है जो आपात स्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदाओं (बाढ़, भूकंप) और बचाव कार्यों में प्रशासन की सहायता करता है। नागरिक सुरक्षा की मानीटरिंग जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## जमकर बरसे बदरा, गर्मी से दिलाई राहत- मौसम हुआ सुहावना



**शाहजहांपुर।** कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मंगलवार को हुई बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। लगातार बढ़ते तापमान और उमस के कारण लोग काफी दिनों से परेशान थे। दोपहर के समय घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहे, तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया था। घरों में लगे पंखे और एसी भी गर्मी से पूरी तरह राहत नहीं दे पा रहे थे। इसी बीच करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। स्कूलों की छुट्टी के बाद बच्चे बारिश के पानी में मस्ती करते हुए घर जाते नजर आए। भीषण गर्मी के कारण पिछले कई दिनों से लोगों का घरों से निकलना कम हो गया था, जिससे बाजारों और कामकाज पर भी असर पड़ा था। फिलहाल बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है और लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली।

# ट्रैफिक मैनेजमेंट संभालने को सिग्नलों को शिफ्ट करने की तैयारी

- आईटीएमएस के तीन चैराहों को छोड़ अन्य पर सिग्नल सिस्टम फेल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर में वैसे तो 41 करोड़ रुपए खर्च कर 13 स्थानों पर आईटीएमएस व्यवस्था के तहत ट्रैफिक सिग्नल लगाकर महानगर के ट्रैफिक मैनेजमेंट दुरुस्त रखने की बात कही गई थी, लेकिन इनमें मात्र 3 जगहों पर ही ट्रैफिक सिग्नल ठीक से कार्य कर पा रहे हैं। बाकी जगहों पर चैराहा, तिराहा संकरे होने से ट्रैफिक पुलिस चालान आदि प्रक्रिया नहीं कर पा रही है। जिस कारण आए दिन



शहर जाम की झाम झेलता है।

हालांकि जहां पर सिग्नल ठीक से कार्य नहीं कर पा रहे हैं, उनको अन्य जगहों पर शिफ्ट की बात नगर निगम व ट्रैफिक पुलिस आपसी समन्वय स्थापित कर करने की बात कह रही है। अब यह कब होगा और इससे क्या शहरवासियों को जाम से मुक्ति मिल पाएगी। यह अब आने वाला समय ही बताएगा। जब इस बाबत सीओ सदर एवं सीओ ट्रैफिक शुभम वर्मा से जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि अभी तक सुभाष चैराहा और खिरनीबाग चैराहे पर आईटीएमएस की प्रक्रिया चालू है, जबकि गर्रा फाटक तिराहे पर प्रकिया प्रोसेस में है। जोकि 15 दिन में शुरू हो जाएगी। जो चालान हो रहे हैं, वह खिरनीबाग और सुभाष चैराहे पर हो रहे हैं। अन्य जो चैराहा और तिराहा हैं, वहां पर आईटीएमएस प्रकिया क्रियाशील नही है। क्योंकि वहां पर जो रास्ते हैं, वह काफी सकरे है। जिस कारण जाम की बजह बनते थे। इसमें अंटा चैराहा पर जो आईटीएमएस सिग्नल है, वह फेल है क्योंकि वहां पर सिग्नल क्रियाशील होने पर लंबा जाम लग जाता था। हम लोग नगर निगम से वार्ता करके जल्द ऐसे आईटीएमएस सिग्नल जोकि क्रियाशील नही हो पा रहे, उनको अन्य भीड़भाड वाले स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ करने लिए स्थापित करवाएगें।

### इन जगहों पर लगे हैं सिग्नल

कवि तिराहा, खिरनीबाग चैराहा, घंटाघ, केरुगंज, लाल इमली चैराहा, महिला थाना, गर्रा फाटक, सुभाष चैराहा, बरेली मोड़, हरदोई बाईपास, अंटा चैराहा, मेजबान तिराहा, पुत्तूलाल चैराहा है।

## मासूम से दरिंदगी के आरोपी के खिलाफ 14 दिनों में चार्जशीट दाखिल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में बीते दिनों 3 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में खुदागंज पुलिस ने मात्र 14 दिनों के भीतर विवेचना पूरी कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार बीते 20 जून 2026 को मोहल्ला लक्ष्मीनगर में बीसलपुर जिला पीलीभीत से एक बारात आई थी। बारात में जुटी भीड़ का फायदा उठाकर जनपद पीलीभीत के मोहल्ला ग्यासपुर (बीसलपुर) निवासी आरोपी चाँद बाबू ने एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। आरोपी बच्ची को पास के ही एक सुनसान जंगल में ले गया, जहाँ उसने इस मासूम के साथ दुष्कर्म जैसी हैवानियत भरी वारदात को अंजाम दिया।

# शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकारः फूलमियां

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अनुदानित मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपुरा द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के अभिभावकों एवं आमजन को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ मदरसा परिसर से हुआ। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर लेकर विभिन्न मार्गों से होकर रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें, हर बच्चा स्कूल जाए, उज्ज्वल भविष्य पाएष्,शिक्षा है हर बच्चे का अधिकार जैसे प्रेरक नारे




लगाए। रैली के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया गया। मदरसा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और समाज के सभी लोगों का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय पर मदरसा में प्रवेश कराकर नियमित रूप से पढ़ाई के लिए भेजें। रैली में इजहार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली खान, मोइन खान, आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरकार बेटियों की शिक्षा-सुरक्षा और स्वावलंबन को चला रही योजनाएं: अमृता

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया**



**शाहजहांपुर।** डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा हर कुमार पाठक इंटर कॉलेज में विभागीय योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ और आपात स्थिति में मदद के संसाधनों के बारे में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित' ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग उनका लाभ नहीं उठा पाते मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जन्म से ग्रेजुएशन तक 25,000 की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में निराश्रित बच्चों के लिए, निराश्रित महिला पेंशन योजना, महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता आदि योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र प्रबंधक नमिता यादव ने हेल्पलाइन नंबर प्रचारित किए। उन्होंने छात्राओं को संकट के समय काम आने वाले महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी बताए और उन्हें याद रखने की सलाह दी। 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन -महिला हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन ,112 आपातकालीन सेवा,1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन, 102-108 एंबुलेंस सेवा आदि। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में पोस्टर और बैनर लगाए गए। छात्राओं को पंपलेट भी वितरित किए गए। ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, कॉलेज के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का आज होगा शुभारंभ, तहसील सभागार में होंगे डीबीटी वितरण

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का बुधवार को तहसील सभागार में शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर डीबीटी वितरण होगा। गौरतलब है कि बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का वाराणसी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में शुभारंभ होने के बाद सभी जनपदों की तहसीलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम जीत सिंह राय को पत्र जारी कर कार्यक्रम के लिए तहसील सभागार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार के निर्णय के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूएसएन) अनुदेशक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक - शिक्षिकाएं, प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइये तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित किये जाएंगे। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत पात्र शिक्षक एवं उनके आश्रित भी इस योजना के लाभार्थी हो सकेंगे। कार्यक्रम सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की सानिध्य में होगा। जिसमें कैशलेस कार्ड का भी वितरण किया जाएगा। बीएसए ने एसडीएम से तहसील सभागार उपलब्ध कराने के साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने तथा स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### वित्त मंत्री पहुंचे प्राथमिक विद्यालय, विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

**पार्षद पति ने क्षेत्रीय लोगों के साथ किया फूल-मालाओं से किया स्वागत**



**रोजा, शाहजहांपुर।** नगर विधायक व प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को भावलखेड़ा के का वार्ड संख्या 37, अहमदपुर निवाजपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय निवाजपुर का भ्रमण कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान श्री खन्ना ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से भी मुलाकात की, उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, सरल व्यवहार और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वार्ड संख्या 37 के समस्त नागरिक उनके इस आत्मीय एवं जनहितकारी दौरे के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर वार्ड पार्षद पति अरूण कुमार सिंह ने वित्त मंत्री का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ध्रुव सिंह, चंद्रोदय सिंह, अनुज कुमार श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह, दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

### घुंघचाई में प्रधानमंत्री आवास योजना में घपलेबाजी, पात्र सूची से बाहर अपात्र बने लाभार्थी

**पीलीभीत।** घुंघचाई ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी घपलेबाजी सामने आई है। 400 से अधिक ग्रामीणों को आवास के लिए चयन किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन गरीबों को सूची में शामिल नहीं किया गया जो वास्तविक गरीब है ग्राम पंचायत रोजगार सेवक प्रधान और सेकंड रिचेकिंग करने वाले अधिकारी ने मिलकर अपात्रों को पात्र कर अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने का काम किया है इस काम के लिए अपात्रों से जमकर धन की वसूली की गई है अगर मामले की उच्च अधिकारियों के द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए तो अधिकांश प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले योजना से बाहर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना घुंघचाई ग्राम पंचायत में यह योजना भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पद पर बैठे सचिव और रोजगार सेवक ने नियम-कानूनों को ताक पर रखकर अपात्रों की झोलियां भर दी हैं, जबकि असली हकदार आज भी तिरपाल के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। जागरूक ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आवासों का आवंटन योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि रिश्वत और कमीशन के आधार पर हुआ है। जिन लोगों के पास पक्के मकान और सुविधाएं हैं, उन्हें सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से आवास की सूची में शामिल कर सरकारी धन का खुला दुरुपयोग किया गया है। शिकायत में सीधे तौर पर आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक ने सचिव के साथ मिलकर इस पूरे घोटाले की पटकथा लिखी है। गरीब किसानों का कहना है कि पात्र लाभार्थियों की अनदेखी करना और अपात्रों को लाभ पहुंचाना सीधे तौर पर सरकारी खजाने में डाका डालना है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस भ्रष्ट गठजोड़ की गहन जांच हो और इन दोनों जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्षता से पड़ताल की जाए। इससे पहले पूरनपुर देहात में आवासों के आवंटन में घपलेबाजी को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने डीएम से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी। किसानों ने शिकायत में कहा है कि अगर घोटाले के सूत्रधार सचिव और रोजगार सेवक पर तत्काल प्रभाव से सख्त वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन सड़क पर उतरकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। गरीबों की गाढ़ी कमाई और सरकारी फंड को डकारने वाले इन जिम्मेदारों को अब बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की चुप्पी अगर बरकरार रही, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 101 पौधों का रोपण

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के वनस्थली इंटर कॉलेज, सिकलापुर, रामपुर कलां में मंगलवार को ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खुटार रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 101 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चेतराम ने हरिशंकरी पौधा लगाकर किया। इस दौरान आम, जामुन, कचनार, आंवला, गुलमोहर, कैसिया और अर्जुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को सीड बॉल का भी वितरण किया गया, ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर हरियाली विकसित हो सके। अपने संबोधन में विधायक चेतराम ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी आवश्यक हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वन विभाग के अधिकारियों ने भी सभी उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में आम भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### पौधरोपण एक उत्सव



**शाहजहांपुर।** लायंस इंटरनेशनल क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा कैंट एरिया में छायादार, फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने कहा कि वृक्षारोपण एक उत्सव है -हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि हमारी पृथ्वी स्वच्छ और हरी भरी रह सके। लायन क्लब शक्ति के द्वारा लगातार पौधे लगाये जा रहे हैं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कोशिश कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, लायन ममता, लायन प्रियंका आदि मौजूद रही।

## पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना जरूरी



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में आज स्कूल परिसर में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया गया। स्कूल के सहायक प्रबंधक अब्दुल रहमान खान एवं वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कर उनका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चैहान ने वन महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण न होने से वायु प्रदूषण जल प्रदूषण मृदा प्रदूषण होता रहता है जिससे हमारे शरीर को शुद्ध वायु नहीं मिल पाती है इसलिए पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है वहीं वन विभाग द्वारा आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया जिसमें दिव्या राठौर को प्रथम दिव्यांशी सक्सेना को द्वितीय एवं अनम मंसूरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वन विभाग एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चैहान द्वारा बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर वन विभाग से वन दरोगा वीरेंद्र सिंह गंगवार दरोगा अतुल बाजपेई संजीव कुमार विष्णु प्रताप सिंह कृष्ण बहादुर सिंह राम अवतार उर्फ पिंटू अनिल कुमार एवं प्रतियोगिता संपन्न कराने में स्कूल के वासुदेव सिंह चैहान ओमवीर सिंह यादव कृष्ण पाल ऋषभ पाल इरम मंसूरी अनन्या शुक्ला जितेंद्र सिंह कुशवाहा जैद मंसूरी गुलअफशा रोमाना खान सोनम मिश्रा अंचल त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर पृथ्वी को हराभरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल चलो अभियान के तृतीय चरण में विकास क्षेत्र पुवायां की स्कूल चलो अभियान रैली तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल चलो अभियान की रैली को विधायक चेतराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने संविलयन विद्यालय भटपुरा चंदू के परिसर में वृक्षारोपण करके पृथ्वी को हराभरा रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल चलो अभियान की रैली में माननीय प्रधानमंत्री जी की भावना का अनुसरण करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग किया गया रैली में ई - रिक्शा पर बैठे बच्चे तथा स्कूटी पर सवार शिक्षक- शिक्षिकाओं ने क्षेत्र में भ्रमण कर सरकारी विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी श्री कृष्ण कुमार ने स्कूल चलो अभियान की रैली में प्रतिभाग के लिए माननीय विधायक चेतराम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि गण का मार्गदर्शन तथा प्रतिभागिता से स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम अवश्य सफल होगा।स्कूल चलो अभियान की रैली में शिक्षक अमिता शुक्ला, सीमा चैहान, पल्लवी, रामवीर गुप्ता , राजीव गुप्ता , टीसेंद्र पाल, शुभम तिवारी, रजनीश बाजपेई जितेंद्र गुप्ता, दिनेश राणा, शंभू सिंह, राकेश रोशन, विष्णु शर्मा, प्राजंल गुप्ता, संतोष वर्मा, कवच राज गुप्ता, अमित कुमार , अनिरुद्ध वर्मा, अशोक कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में मरे जियो कंपनी कर्मी की पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

चार दिन पूर्व जियो कंपनी कर्मी योगेन्द्र कुमार की सड़क हादसे हुई मौत मामले में मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। डिज रिपोर्ट में योगेंद्र कुमार की पत्नी सीमा देवी ने कहा है कि उसके पति जलालाबाद से कंपनी की ड्यूटी करके तीन जुलाई को स्कूटी से तिलहर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े आठ बजे राजनपुर नगर पुलिया पर पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे योगेंद्र की मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

# आपदा से निपटने को एनडीआरएफ ने दिए टिप्स

**अटल बिहारी बाजपेयी इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन-प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व मानसून तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( एनडीआरएफ) की 8 एम टीम द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी इंटर कॉलेज, दनियापुर में सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी की विधियां, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण तैयार करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने आपदा स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा तथा सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। कार्यक्रम में लेखपाल विशाल मिश्रा, विद्यालय स्टाफ, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, आपदा मित्र एवं स्थानीय ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

### खूंखार बंदर ने दर्जनों लोगों को काटा, गांव में दहशत का माहौल

**बंडा, शाहजहांपुर।** खूंखार बंदर ने करीब एक दर्जन लोगों को नोच कर घायल कर दिया महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं ग्रामीणों ने अधिकारियों से बंदर को पकड़वाए जाने की मांग की है। गांव में दो माह से एक खूंखार बंदर ने उत्पाद मचा रखा है करीब एक दर्जन लोगों को नोच कर घायल कर चुका है बंदर के भय से लोग घरों के अंदर ही रहते हैं। गांव के सुरेंद्र मोहन शुक्ला, रामनरेश अवस्थी, छोटेलाल, इकरार, समा बेगम, अनुज कुमार, राम प्रकाश, सुडडू आदि लोगों को काट कर घायल कर चुका है ग्रामीणों के अनुसार तमाम अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी अभी तक नहीं पकड़ा गया है जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में रेंजर दिनेश बडोला ने बताया की टीम भेज कर बंदर को पकड़वाया जाएगा।

## युवा सपा नेता कमलेश यादव के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, शोक में क्षेत्र के शिक्षण संस्थान बंद रहे

**संतनपाल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रांगण में हुआ अंतिम संस्कार, मासूम बेटे अभय ने दी चिता को मुखाग्नि**

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**



**कमलेश के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

लगभग डेढ़ माह पहले कमलेश यादव की मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बीते रविवार को कमलेश के छोटे भाई संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. नीलेश यादव की फॉर्च्यूनर गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें नीलेश बाल बाल बच गए थे। स्वर्गीय कमलेश यादव के 70 वर्षीय पिता संतनपाल सिंह यादव पत्नी और जवान बेटे की मौत से टूट गए हैं। स्वर्गीय कमलेश यादव अपने पीछे अपनी पत्नी ,पुत्र अभय यादव,पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए।

कस्बे के संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संस्थापक संतनपाल सिंह यादव के ज्येष्ठ पुत्र समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव का मंगलवार सुबह हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 44 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके मेडिकल कॉलेज प्रांगण में मां सुमनलता यादव की समाधि स्थल के समीप ही किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अभय यादव ने दी। वरिष्ठ सपा नेता कमलेश यादव के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों लोगों के एक साथ उनके आवास पर पहुंच जाने से भारी भीड़ लग गई। जिससे लोगों को उनके अंतिम दर्शन करना भी मुश्किल हो गया। उनके अंतिम दर्शन करने और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर जिले के अलावा फर्रुखाबाद, बदायूं, हरदोई, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी आदि जनपदों के वर्तमान और पूर्व विधायकों, सांसदों, जिला पंचायत सदस्यों, ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों का तांता लग गया। जनप्रतिनिधियों और रसूखदारों के वाहनों की भीड़ से एकबार मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस को हाइवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू करवाने में छक्के छूट गए।युवाओं की पहली पसंद जनप्रिय युवा नेता कमलेश यादव के आकस्मिक निधन की सूचना फैलते ही शोक में क्षेत्र के लगभग सभी स्कूल कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया। कस्बे के व्यापारियों ने भी शोक में अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कमलेश यादव अपने पीछे पिता संतनपाल सिंह यादव,पत्नी पूर्व प्रधान लक्ष्मी यादव ,पुत्र अभय यादव,छेह वर्षीय पुत्र और बड़ी पुत्री व छोटे भाई डॉ. नीलेश यादव को रोता बिलखता छोड़ गए।

### पिपरोला में पीपल के पौधों का रोपण कराने की मांग

**शाहजहांपुर।** डीएम को महापौर अर्चना वर्मा ने पत्र भेजकर बताया कि शाहजहांपुर- जलालाबाद मार्ग स्थित ग्राम पिपरौला का नाम संभवतः अतीत में वहां बड़ी संख्या में विद्यमान पीपल के वृक्षों के कारण पड़ा होगा। लेकिन वर्तमान समय में स्थिति यह है कि ग्राम में एक भी पीपल का वृक्ष शेष नहीं है, जिस कारण ग्राम की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पहचान समाप्त होती प्रतीत हो रही है।महापौर ने मांग कि इस विरासत एवं पहचान को संरक्षित रखने के उद्देश्य से शाहजहांपुर-जलालाबाद मार्ग पर पिपरौला के क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पीपल के पौधों का रोपण कराया जाएं।

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2026 जिसका अनुक्रमांक 2235741525 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। नेहा पुत्री निशेष कुमार नि.ग्रा. कुर्रिया कलां, थाना-कांट, जिला-शाहजहांपुर

**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. तिलहर, जिला-शाहजहांपुर**

परिवाद वाद संख्या 3171/ 2025
ता.पेशी 18.07.2026
अब्दुल मुनीर
बनाम
रेहान आदि

1- रेहान मुबाकर पुत्र मुबाकर हुसैन नि.मो. उम्मरपुर कस्बा, थाना-तिलहर, जिला-शाहजहांपुर 2- रूमाना उर्फ मीनू पुत्री फुरकान हुसैन 3- फरहाना उर्फ रीनू पुत्री फुरकान हुसैन नि.गण मो. उम्मरपुर कस्बा, थाना-तिलहर, जिला-शाहजहांपुर, वर्तमान नि. मकान नं. 608 फाइक एक्लेव,फेस नंबर- 2, अपोजिट न्यू मस्जिद, पीलीभीत-बरेली वायपास, थाना-बारादरी, जनपद- बरेली... प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा 420,406,467, 468, 471,323, 504,506, आईपीसी थाना- तिलहर, शाहजहांपुर भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई. दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 18.07.2026 पेश होकर उजर पेश करे। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 29.06.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज जू.डि. तिलहर, शाहजहांपुर**

# नाला मरम्मत न होने देने पर होगी कार्रवाई: ईओ

**रेनेसां स्कूल परिसर के अंदर सरकारी नाला पर अतिक्रमण का मामला, संस्था प्रबंधक को पालिका प्रशासन ने भेजा नोटिस**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर में ब्लॉक रोड पर सरकारी नाले की मरम्मत कराये जाने में बाधा उत्पन्न किये जाने के चलते नगर पालिका प्रशासन ने द रेनेंसों एकेडमी के प्रबंधक द्वारा ठेकेदार को सरकारी नाले की मरम्मत न करने देने की बाबत जारी नोटिस में जनहित में तत्काल कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। अन्यथा कि स्थिति में कार्यवाही की चेतावनी दी है। पालिका प्रशासन ने कहा है कि नगर में सरऊ रोड पर स्थित नहर की पुलिया के निकट द रेनेंसां एकेडमी के आगे बने सरकारी नाले को एकेडमी प्रबंध तंत्र द्वारा नाले के आगे फुलवाड़ी की हैच लगाकर विद्यालय परिसर के अन्दर करके अवैध रूप से नाले को अतिक्रमित कर लिया है। नगर की जल निकासी समस्या समाधान किये जाने हेतु जनहित में पालिका द्वारा नगर के कतिपय नालों का नवनिर्माण एवं पुराने बने नालों के तल का ढाल सही किये जाने हेतु मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। पालिका द्वारा 15 वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत अमर बाल विद्या मंदिर से खैरपुर तिराहे होते हुये सरऊ पुलिया तक पुराने बने पक्के नाले की मरम्मत का कार्य जिलाधिकारी की स्वीकृति के फलस्वरूप कराया जा रहा है। स्कूल के आगे नाले के तल का ढाल सही किये जाने हेतु नाले की मरम्मत ध् जीर्णोद्धार का कार्य संबंधित ठेकेदार को नहीं करने नहीं दिया जा रहा है। जो सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने व जनहित एवं शासन की मंशा के विपरीत है। जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पालिका प्रशासन ने नोटिस के जरिए निर्देशित किया है कि नोटिस प्राप्ति के तुरन्त बाद जनहित में द रेनेंसां एकेडमी स्कूल के सामने बने पक्के सरकारी नाले की मरम्मत/जीर्णोद्धार का कार्य संबंधित ठेकेदार को करने दिया जाए। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम 1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही अमल में जायेगी। जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होंगे। पालिका ने उक्त नोटिस की प्रति भेजकर एसडीएम व कोतवाल को भी अवगत कराया है।

### एडीएम प्रशासन जिला खरीद अधिकारी नामित

**शाहजहांपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में कृषकों से सीधे धान क्रय करने हेतु शासनादेश की दी गयी व्यवस्था के परिपेक्ष्य एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर बताया कि एडीएम प्रशासन का दूरभाष कार्यालय नंबर 05842-225485, आवास नंबर 05842-225468 व सीयूजी 94544-15877 भी जारी कर दिया गया है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र तालिब पुत्र शफीक व पुत्रवधू नन्ही पत्नी तालिब को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। सलमा पत्नी मो. शफीक नि.मो.-बाबूजई (कमला नर्सिंग होम के पीछे) थाना-कोतवाली, शाहजहांपुर

**आवश्यकता है**

जनपद शाहजहांपुर में हिन्दी दैनिक 'समृद्धि न्यूज' समाचार पत्र को जनपद के ब्लाक मदनापुर, जैतीपुर, सिंधौली व सेहरामऊ दक्षिणी हेतु ब्लाक संवाददाताओं की। इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 9415572885, 9984927542,8795193445 पर संपर्क कर सकते है।

# डीएम ने स्कूल चलो अभियान की स्कूटी रैली को दिखाई हरी झंडी

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण (01 जुलाई से 15 जुलाई 2026) के अभियान का कार्यक्रम प्रेक्षा गृह में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। स्कूल चलो अभियान की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, रैली में पंक्तिवार शिक्षक/शिक्षिकाएं स्कूटी से अभिभावकों को स्कूल चलो अभियान के बारे में जागरूक करते हुए आगे बढ़ रहे थे। स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह में दीप प्रज्ज्वलित कर व सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। स्कूल चलो अभियान की बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया और सराहना की। स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत का गायन कर स्वागत किया, जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे, का विशेष ध्यान रखे, जो स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जब हम स्कूल चलो अभियान की बात करते है, तब हमे अपने स्कूल की याद आती है, कि किस तरह पढ़ाई करते थे और आगे बढ़े है। आज परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के माध्यम से सभी संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। शिक्षकगण बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर देश के



भविष्य का निर्माण करते है। देश तभी विकसित होगा जब सभी को शिक्षा मिले और शिक्षित होकर आगे बढ़े। शिक्षक बच्चों को शिक्षा के माध्यम से ज्ञान ही नहीं बल्कि गुण, संस्कार, अनुशासन देकर के भविष्य को सुरक्षित करने का काम बहुत बखूबी से अपनी भूमिका निभाते है। जब बच्चा शिक्षित होगा तो अपने जीवन स्तर के साथ परिवार, समाज व देश का भी स्तर ऊपर उठता है। जब हम शिक्षित होते है तभी गलत और सही में अन्तर कर पाते है। उन्होंने कहा कि शिक्षकगण अभिभावकों से बात कर उनके अन्दर शिक्षा की अलख जगाकर बच्चों को शिक्षित करे, जो लक्ष्य तय किया गया है, के हिसाब से नामांकन अवश्य कराए, हमे पूरी उम्मीद है कि शिक्षकगण पूरी सिद्दत के साथ इस कार्य को करेंगे और बच्चों के भविष्य निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने स्कूल चलो अभियान के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के माध्यम से सभी संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। सभी शिक्षकगण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, जिससे कि बच्चे का भविष्य उज्जवल हो सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिन्सी मौर्या ने कहा कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जो निर्देश दिए गए है उनका हम सब एक टीम भवना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर अभियान सफल बनाएंगे और आश्वस्त किया कि बच्चों की शिक्षा गुणवत्तापूर्ण व उपस्थिति शत प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी ब्लाकों में सबसे ज्यादा नामांकित करने वाले एक-एक शिक्षक को प्रशंसा पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया और कहा कि इनसे प्रेरित होकर आप सभी नामांकन और उपस्थिति बढ़ाए। जिलाधिकारी ने नव नामांकित बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सदबुद्धि यात्रा निकाल कांग्रेस ने सरकार को किया आगाह



**फतेहपुर।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर आज जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेसियों ने हरिहर गंज क्रासिंग से कलेक्टर गंज स्थित शिव मंदिर तक पैदल यात्रा निकाल भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारे बाजी की। यात्रा की समाप्ति पर जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने पत्रकारों से बताया कि भाजपा सरकार पूरा देश लूटने के बाद अब मंदिरों की चढ़ावा चोरी कर रही है जो सनातन धर्म में महाघृणित कार्य माना गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तो पूरा देश इन्हें दुत्कार रहा है परन्तु बेशर्मी की चादर ओढ़े मोदी ने चुप्पी साध रखी है उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने बजरंग बली को नचाया जा रहा था यह सनातन धर्म का खुला अपमान है जो हर सनातनी के लिए असहनीय है। शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि चढ़ावा चोरी के बाद बिना एफआई आर के एस आई टी जांच कराना महज जनता को गुमराह करना था और वहीं से सरकार की लीपा पोती की मंसा उजागर हो गई थीं उन्होंने आगे कहा कि आज देश का हर नागरिक इनके सरकार से हटने की प्रतीक्षा कर रहा है क्योंकि जनता जानती है कि कांग्रेस के आते ही राहुल गांधी दूध का दूध और पानी का पानी कर देंगे। उन्होंने मांग की कि उच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ चोरी की निष्पक्ष जांच करे एवं मंदिर की व्यवस्था चारों शंकराचार्यों व अयोध्या के प्रतिष्ठित महंतों के सुपुर्द की जाय। यात्रा में शेख एजाज अहमद, राजेंद्र लोधी, प्रदेश सचिव, शोभा दुबे, रेखा पासवान,राजीव लोचन निषाद, प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, मनोज घायल, ओम प्रकाश कोरी, अजय बच्चा, बशीर अहमद, कौशल कुमार शुक्ला, निजामुद्दीन, अब्दुल रज्जाक, अमीरउलजमा खान, सैयद सहाब अली,रमजान अहमद, सूरज पटेल, राजीव श्रीवास्तव, हम्माद हुसैन, मनोज सविता, अब्दुल हफीज के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। बताया है कि थानाध्यक्ष पनवाड़ी द्वारा गठित पुलिस टीम के उनि दिनेश कुमार यादव, कां. इन्द्रपाल चौहान एवं कां. राममिलन द्वारा लोधीपुरा चौराहे से खंगर्रा जाने वाले मार्ग से अभियुक्त जगतराज पुत्र करन सिंह, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम शेरगढ़ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी पर मुअसं. 94/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

### जमीन बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र में हुआ विवाद

**जालौन (उरई)।** जमीन के बंटवारे को लेकर बेटे ने पिता के साथ झगड़ा करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा निवासी जगराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अजय अक्सर जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करता रहता है। आरोप लगाया कि उनका बेटा गलत संगत में पड़ गया है। जिसके चलते वह उसके नाम अभी जमीन नहीं लिख रहे हैं। जबकि वह जमीन उसके नाम लिखाने को लेकर झगड़ा करता रहता है। मंगलवार की सुबह भी वह जमीन लिखाने को लेकर झगड़ा कर रहा था। जब उन्होनें इंकार किया तो मारपीट पर आमादा हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफकार्रवाई की है।

### ईंटों से लदे ट्रैक्टर की ट्रॉली असंतुलित होकर पलटी

**जालौन (उरई)।** चुर्खी रोड पर खेत में जा रहा ईंटों से लदे ट्रैक्टर की ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में चालक बाल बाल बच गया। मंगलवार की सुबह एक ट्रैक्टर ईटों को लादकर चुर्खी रोड स्थित एक गेस्ट हादस के पीछे खेतों से होकर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओवरलोड ट्रॉली के चलते ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक से ऊपर से उठ गया। चालक ने ट्रैक्टर को संतुलित करने का प्रयास किया। ट्रैक्टर तो संतुलित हो गया लेकिन ट्रॉली असंतुलित होकर खेतों में ही पलट गई। ट्रॉली में लदे ईंटा खेतों में ही बिखर गए। हादसे के समय वहां कोई मौजूद न होने से बड़ा हादसा टल गया। साथ ही ट्रैक्टर चालक भी हादसे में बाल बाल बच गया।

### ट्रक-बस की भिड़ंत, 20 सवारियां घायल, भर्ती



**कोटरा (जालौन)।** मंगलवार को एक प्राइवेट बस उरई से कोटरा सवारियों को लेकर जा रही अभी वह गोरन गांव के समीप ही पहुंची तभी कोटरा से उरई की ओर आ रहा ट्रक जैसे ही बस के सामने आया तो दोनों चालकों का संतुलन बिगड़ गया और जोरदार आवाज के साथ दोनों वाहनों की टक्कर हो गयी जिससे बस में सवार 20 सवारियां घायल हो गयी जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया गया। जबकि बस चालक भी दुर्घटना में घायल हुआ उसे भी उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइवेट नंबर यूपी 71 बी 9869 उरई से सवारियों को लेकर कोटरा जा रही थी। अभी वह ग्राम गोरन के समीप ही पहुंच पायी थी तभी कोटरा की ओर से ट्रक नंबर यूपी 77 एएन 9301 उरई की ओर आ रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही दोनों वाहनों का आमना सामना हुआ तो दोनों के चालक अपना संतुलन खो बैठे और जोरदार आवाज के साथ दोनों की भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना के दौरान बस में 40 सवारियां बैठी थी उनमें चीख पुकार मचनी शुरू हो गयी। सवारियों की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे ओर घायलों की मदद करने में जुट गये साथ ही उन्होंने कोटरा थाना पुलिस को भी सूचना दी। बताया जाता है कि दुर्घटना में बस चालक पुष्पेंद्र यादव सहित 20 सवारियां चुटहिल हुयी जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया गया। वहीं दुर्घटना के दौरान वहां से गुजर रहे प्राथमिक विद्यालय करथर के अध्यापक निर्दोष द्विवेदी की मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन शिक्षक ने खुद को सुरक्षित कर अपनी जान बचा ली। गौरतलब हो कि प्राइवेट बस कोटरा के निवासी रामकुमार अग्रवाल की बताई जा रहे हैं जिसमें वह भी बस में बैठे थे। प्राइवेट बस के बारे में कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसका संचालन लंबे समय अवैधानिक तरीके से हो रहा था। अब इस बात में सच्चाई क्या है यह तो एआरटीओ ही बता सकते है।

# युवाओं को मिलेगी रोजगारपरक उच्च शिक्षा: अभय प्रताप



**फतेहपुर।** जनपद में स्थापित ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभय ग्रुप के चेयरमैन अभय प्रताप सिंह ने इसे फतेहपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं, बल्कि वर्षो के संकल्प, संघर्ष और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जो जिले के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 22-23 वर्ष पूर्व रानी चन्द्रप्रभा महाविद्यालय की स्थापना और वर्ष 2005 में ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय की शुरुआत इसी उद्देश्य से की गई थी कि जनपद के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। आज वही संस्थान विकसित होकर विश्वविद्यालय का स्वरूप प्राप्त कर चुका है। अभय प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध, नवाचार, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का लाभ अपने ही जिले में मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि योग्य, संस्कारित और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित नागरिक तैयार करना है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पूज्य पिता स्वर्गीय ठाकुर युगराज सिंह के आशीर्वाद, बड़े भाई एवं संरक्षक उदय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन, अभय ग्रुप परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा समाज के सहयोग को दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जुड़े विभागों, अभिभावकों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर बोर्ड एडवाइजरी मेंबर निखिल सचान ने बताया कि उनके इस विश्वविद्यालय में बीटेक, एमटेक, बीएससी नर्सिंग, बीकॉम, एमकाम, योगा पीजी डिप्लोमा, बीएससी, एमएससी, बीए एलएलबी, एलएलएम, बी फार्मा, डी फार्मा सहित पीएचडी सभी विषयों में प्रदान की जाएगी।

# अपना दल एस की मासिक बैठक सम्पन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिले की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय चित्रांश नगर में जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें संचालन अरुण पटेल ने किया। बैठक के मुख्य बिंदुरू जन स्वाभिमान दिवस पर जिले से गए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया गया, और जो पदाधिकारी लगातार बैठकों में नहीं आता उसको पद मुक्त किया गया, पिछले कार्यवाही की समीक्षा, हर घर झण्डा एंड नेम प्लेट बृहद स्तर पर पूरे माह चलाया जाएगा, सभी मंचों के जिला अध्यक्ष अपनी अपनी कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में बुलाना है, मिशन 2027 को लगातार बूथ तक पहुंचाना है, सभी मंच के जिला अध्यक्ष लोगों की समीक्षा, सभी




विधान सभा अध्यक्ष लोगों की समीक्षा की गई और जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल कार्यकर्ता लोगों को संबोधित करते हुए सख्त निर्देश दिए वहीं पर किसानों को समय पर बिजली न मिलने पर चिंता जताते हुवे कम से कम 18घंटे बिजली विभाग से अपील किया गया और उर्वरक खाद आदि के साथ जबरजस्ती जिंक सल्फर दी जाती है जिससे किसान लोगों को अधिक भार पड़ता है उसपे चर्चा हुई, जिला उपाध्यक्ष संस्कृत मंच गुलाब सिंह द्वारा आरोप लगाया गया सथरियाव पावर हाउस के जेई द्वारा अभी तक केबिल बॉक्स आदि नही लगाने की वजह से कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसकी शिकायत विभाग के अधिकारी लोगो से करने के बावजूद अभी तक कोई भी काम नहीं हुआ, वही पर जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा द्वारा बताया गया कि खंभा पुर रघुवंशपुरम अमित भदौरिया के दरवाजे से योगेंद्र सिंह के दरवाजे तक रास्ता न होने से लोग चुटिल होते रहते हैं बैठक में मुख्य रूप से शैलेन्द्र पटेल, शिव शंकर पटेल जी झांसी रमेश सिंह पटेल बांदा योगेंद्र सिंह राणा बृजेश पाल राजबहादुर पासवान अरुण पटेल, विपिन कौशल, पदम सिंह पटेल, दीपू पटेल, शिवप्रकाश रावत, हेमंत पटेल, दिलदार अली, गुलाब सिंह, आशीष पटेल, सर्वेश पटेल, कांति कुशवाहा कांति चौहान अर्चना दुबे ऋतिक उत्तम सीता यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अनुभाग की बैठक कर की परियोजनाओं की समीक्षा

**बैठक में खेत तालाब योजना, किसान समृद्धि योजना, आरएडी एवं कृषि सिचाई योजना आदि की समीक्षा कर शीघ्रता से पूर्ण करने के दिए निर्देश**




**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण अनुभाग की बैठक कलैक्ट्रेट सभागर में आयोजित की कई। बैठक में भूमि संरक्षण अनुभाग, कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वर्तमान वर्ष में किये जाने वाली कार्यो/योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी, ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत संचालित खेत–तालाब योजना, किसान समृद्धि योजना, आरएडी एवं जलागम विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि खेत–तालाब के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाये, वृहद वृक्षारोपण में निर्मित संरचनाओं पर पौध रोपण कराया जाए, साथ ही योजनाओं में मिलने वाले लाभ की जानकारी समस्त उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध करायी जाये, ताकि योजना के प्राविधानों से कृषकों को उनके स्तर से भी जानकारी दी जा सके।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत निःशुल्क कोचिंग का किया गया शुभारम्भ

- सत्र 2026-27 कोचिंग में सभी बैच (सिविल, नीट, जेईई, एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षा आदि) का हुआ शुभारम्भ



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सत्र 2026-27 अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग के सभी बैच (सिविल, नीट, जेईई, एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षा इत्यादि) का शुभारंभ हुआ, इस उपलक्ष्य में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया 7 राजकीय वीर भूमि महविधालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग सत्र 2026-27 के प्रारंभ प्रथम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अत्यधिक स्टूडेंट्स की संख्या और उनका उत्साह देखकर बहुत खुशी हुई, उन्हें पूर्ण विश्वास प्राप्त हुआ की वह अपनी तैयारी को मजबूत करके जल्द ही सरकारी नौकरी में सिलेक्शन प्राप्त करके, अपने भविष्य को उज्वल करेंगे 7 जिलाधिकारी द्वारा सभी स्टूडेंट्स को अभ्युदय योजना की जानकारी, तैयारी किस बेहतर प्रक्रम से करनी है, संबंधी सुझाव दिए गए। आज आयोजित कार्यक्रम में योजना संबंधी पटल सहायक मो फरीद, ऑपरेटर शिवम साहू, महाविद्यालय एवं अभ्युदय समस्त अध्यापक डॉ डी. के. खरे, डॉ शैतान सिंह, शैलेष कुमार, डॉ नित्य किशोर सोनी, अपर्णा नायक, शैलेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सोनी, विवेक कुमार सिंह, प्रबल कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह, शशांक कुमार गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए करें अधिक से अधिक पौधरोपण



**कुलपहाड़/महोबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम थीम वन महोत्सव के तहत नगर के पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान में वृहद स्तर पर पौधारोपण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की है। नगर के पॉलिटेक्निक संस्थान में वन विभाग द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, संस्थान के प्रिंसिपल इं0 दिनेश यादव, वन क्षेत्राधिकारी अजनर जीतेन्द्र कुमार की मौजूदगी में विभिन्न किस्म के वृक्षों का पौधारोपण कर लोगों को एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि वन हमें स्वच्छ हवा तो देते ही है, साथ ही पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मौसम में होने वाले बदलाव का एक मुख्य कारण वनों का कम होना भी माना जाता है, यदि पर्यावरण को संरक्षित रखना है, तो हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना होगा। इस अवसर पर वन दरोग़ा कुंवर अमित सिंह, अश्वनी कुमार, मलखान सिंह यादव जैतपुर बीट प्रभारी, अमित तिवारी, अखिलेंद्र यादव, राकेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर के जय बुन्देलखण्ड महाविधालय में भी वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर शिक्षकों व छात्रों ने फल एवं छायादार वृक्ष लगाकर पर्यावरण का सन्देश दिया। इस मौके पर निदेशक छोटेलाल एडवोकेट, इखलाक अहमद, कार्यक्रम अधिकारी, अनूप यादव, नीरज कुशवाहा, दशरथ, सचिन बाबू आदि शामिल रहे।

# डीएम ने गौशालाओं में कीचड़ न हो, पर्याप्त चारा उपलब्ध रखने के निर्देश

- सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को तत्काल संरक्षित करें पशु छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश
- जिन गौशालाओं का अन्य गौशालाओं में विलय हो चुका वहां करायें पौधरोपण

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

बरसात के मौसम में गौवंशों की सुरक्षा एवं गौशालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त गौशाला नोडल अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी गौशाला में कीचड़ अथवा जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी समय रहते जल निकासी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि गौवंशों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में चना, चोकर, खली, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त



व्यवस्था हर समय बनी रहे। पशु चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के समय निजी पशुपालकों द्वारा छोड़े गए गोवंश अक्सर सड़कों पर घूमते मिलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे गोवंशों को तत्काल चिन्हित कर कैटल कैचर के माध्यम से निकटतम गौशालाओं में सुरक्षित पहुंचाया जाए। साथ ही जिन निजी पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को सड़कों पर छोड़ा जाता है, उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने बताया कि जोल्हूपुर, कैथेरी, छिरिया, एट, बोहदपुरा, राहिया सहित अन्य संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर विशेष सचल दल गठित किए गए हैं। ये दल कैटल कैचर के साथ लगातार भ्रमणशील रहेंगे और निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित गौशालाओं तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। संबंधित अधिकारियों को इन दलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन गौशालाओं का अन्य गौशालाओं में विलय (मर्जर) हो चुका है और जो वर्तमान में रिक्त हैं, वहां व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए, ताकि उन परिसरों का पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित में बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गौवंशों का संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारियों के साथ छात्रों ने वृक्षों की बारात निकालकर पौधे लगाए

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार के निर्देश पर चल रहे वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों के साथ छात्रों ने वृक्षों की बारात निकालकर पौधे लगाए। वन विभाग द्वारा एक जुलाई से सात जुलाई तक साप्ताहिक वन महोत्सव अभियान चलाया जा रहा है। साप्ताहिक आयोजन के समापन पर मंगलवार को सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के तत्वावधान में वृक्षों की बारात कार्यक्रम के तहत जनजागरण रैली निकाली गई। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के बच्चों ने क्षेत्रीय वन अधिकारी कोमल सिंह, डिप्टी रेंजर मुबारक अली, वन दरोगा




संजीव कुमार, वन रक्षक पुनीत कुमार व जितेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में नहर कोठी से जागरूकता रैली और वृक्षों की बारात निकाली। जो देवनगर चौराहे से कोतवाली होते हुए वापस नहर कोठी पहुंची। स्कूल के बच्चों ने रैली के माध्यम से आम जनमानस को एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी दी। बारात में छात्र पौधे हाथों में लेकर पर्यावरण बचाने के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके बाद सभी ने मिलकर कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्र में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को पौधे भी वितरित किए। इस मौके पर राहुल, प्रियांशु, गोपाल, आदित्य आदि रहे।

# मिशन शक्ति केंद्र थाना कुलपहाड़ की सक्रियता से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद

- पुलिस ने काउंसिलिंग उपरांत इच्छानुसार युवती को पति के साथ भेजा गया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में गुमशुदा व्यक्तियो कीई बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुलपहाड एवं महिला थाना कुलपहाड मिशन शक्ति केंद्र ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के कुशल मार्गदर्शन में जनपद में गुमशुदा




व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस एवं महिला थाना/मिशन शक्ति केन्द्र थाना कुलपहाड़ द्वारा सराहनीय कार्य किया गया आवेदक जयचंद्र निवासी ग्राम चारुवा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा द्वारा अपनी पुत्री योजना के कहीं चले जाने के संबंध में गुमशुदगी संख्या 36/2025 दिनांक 6 सितम्बर 2025 को पंजीकृत कराई गई थी। इस प्रकरण में सक्रिय कार्यवाही करते हुए गुमशुदा युवती योजना को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी उपरांत युवती की काउंसिलिंग मिशन शक्ति केन्द्र थाना कुलपहाड़ में कराई गई, जिसमें युवती द्वारा बताया गया कि वह पूर्ण रूप से बालिग (उम्र लगभग 19 वर्ष) है तथा उसने सतीश पुत्र स्व. हरगोविंद निवासी ग्राम लिंगा, थाना कोतवाली राठ, जनपद हमीरपुर के साथ विवाह कर लिया है। युवती द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि वह अपने पति सतीश के साथ स्वेच्छा से रह रही है एवं आगे भी उसी के साथ रहना चाहती है। युवती के कथन एवं उसकी इच्छा का सम्मान करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनों को थाना कुलपहाड़ से ससम्मान रुख़सत किया गया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता सुकरात मिर्जा वारसी पुत्र स्व. मिर्जा इसहाक बेग निवासी जी/1237 मोहल्ला मुंशीगंज शहर थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ.प्र. की मृत्यु दिनांक 02.02.2000 को स्थान- जी /1237 मोहल्ला मुंशीगंज शहर थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ.प्र. में हो गयी थी।

**सूचनाकर्ता-मोहम्मद उमर वारसी पुत्र स्व. सुकरात मिर्जा वारसी, निवासी जी/1237 मोहल्ला मुंशीगंज शहर थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ.प्र.**

# विधायक ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

- आश्रितों को आवासीय व कृषि पट्टा, बच्चों की शिक्षा, पेंशन एवं आर्थिक सहायता का मिला लाभ
- सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी अशोक कुमार



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

विधायक सलोन अशोक कुमार ने आज तहसील सलोन के ग्राम खम्हरिया पूरे कुशल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृतक स्वर्गीय मेवालाल पुत्र झुरई के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनुमन्य सहायता प्रदान की तथा भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम खम्हरिया पूरे कुशल निवासी स्वर्गीय मेवालाल की वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद केजीएमयू, लखनऊ में उपचार के दौरान दिनांक 29 जून 2026 को मृत्यु हो गई थी। घटना के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए, पात्रता के अनुसार विभिन्न योजनाओं से परिवार को लाभान्वित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर मृतक की माँ सिरताजा को शासन द्वारा अनुमन्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराई गई, जिसमें 0.013 हेक्टेयर आवासीय पट्टा तथा 0.312 हेक्टेयर कृषि पट्टा प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत परिवार के दो बच्चों की शिक्षा हेतु 2,500-2,500 प्रतिमाह की सहायता के स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए, इसके अतिरिक्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी राजरानी को 1,000 प्रतिमाह पेंशन का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 30,000 की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई। वहीं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की कार्यवाही प्रचलित है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है, परिवार को हर सम्भव मदद शासन/प्रशासन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहें।

## तहसील बार हैदरगढ़ बनेगी डिजिटल बार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बार एसोसिएशन हैदरगढ की मासिक बैठक में अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा ने आगामी चुनाव की घोषणा की। बताया की तहसीलबार हैदरगढ़ कोडिजिटल बार बनाया जाएगा जिसमें तहसील में मिलने वाले समस्त पेपर वकालनामा प्रतिभूत पत्र बारह एकड़ आदि आवश्यक सभी प्रपत्र को कंप्यूटराइज कर दिया जाएगा तथा कंप्यूटर के माध्यम से सारी चीजों को क्रय विक्रय किया जाएगा जल्द ही लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें जूनियर साथियों को पढ़ने के लिए किताबें मुहैया कराई जाएगी और अटेंडेंस फिंगरप्रिंट के माध्यम से कराया जाएगा इसी के साथ-साथ आगामी चुनाव 2026 की रूपरेखा तय की गई तथा चुनाव का समय तिथि निर्धारित किया गया जिसमें बताया गया 8 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन 9 जुलाई तथा 10 जुलाई को सूची पर आपत्ति ली जाएगी 13 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## खूनी संघर्ष में मृतक के बेटे ने की अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पूरे मेहरबान मजरे बरावां गाँव में एक सप्ताह पूर्व मेड़ काटने के विवाद में हुए खूनी संघर्ष में जान गवाने वाले भगवानदीन के पुत्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में योगेंद्र कुमार पुत्र स्व. भगवानदीन ने अरोप लगाया कि अन्य अभियुक्त अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं तथा जान से मार हाजिर होने की धमकी दे रहे है। उल्लेखनीय है कि बीती 2 जुलाई की दोपहर मेड़ काटने के विवाद में रामदयाल पुत्र राम दत्त आदि ने लाठी डंडों धारदार हथियारों से भगवानदीन व उनकी पत्नी रामवती पर खेतों से दौड़ाते हुए घर के अंदर तक घुसकर हमला कर दिया था । यही नहीं बचाने आए मृतक भगवानदीन के पुत्रों व घर की महिलाओं को भी लहूलुहान कर दिया था। हमले मे भगवानदीन के अलावा रामावती आदि लोग घायल हो गए थे। सीएचसी मे भगवानदीन की मौत हो गई थी। वही रामावती व चाँदनी का उपचार अस्पताल व अन्य घायलो की दवाई अभी भी चल रही है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था तथा कार्यवाही करते हुए 6 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, परन्तु आधा दर्जन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद अन्य किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## मंदिर में दरवाजा तोड़कर दानपात्र सहित इन्वर्टर बैटरी साउंड चोरी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव स्थित भैरवनाथ मंदिर में रविवार रात चोरों ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोर इन्वर्टर की बैटरी, साउंड मशीन, दानपात्र में रखी नकदी समेत अन्य सामान उठा ले गए। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी ।मऊ निवासी पंकज दास के मुताबिक रविवार रात मंदिर में पूजा-पाठ के बाद मंदिर के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया था। देर रात चोरों ने मंदिर के दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश करके चोर इन्वर्टर की बैटरी, साउंड मशीन और दानपात्र तोड़कर उसमें रखी नकदी उठा ले गए। इसके अलावा मंदिर में रखी एक थाली और घंटा समेत अन्य सामान भी चोरी कर लिया। सोमवार सुबह करीब चार बजे जब वह मंदिर पहुंचे तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## जिलाधिकारी ने की चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चकबंदी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत ग्रामवार प्रगति, पुनरीक्षण, अभिलेखों के अद्यतनकरण, चक प्रस्तावों की स्थिति तथा चकबंदी प्रक्रिया में आ रही बाधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने धारा-7, धारा-8, धारा-9, धारा-10, धारा-20, धारा-23, धारा-24, धारा-27 एवं धारा-52 के अंतर्गत संचालित चकबंदी कार्यों की ग्रामवार प्रगति का विस्तृत परीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में चकबंदी कार्य किसी कारणवश प्रभावित हैं, वहां स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शासन स्तर पर अपेक्षित प्रकरणों के प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किए जाएं।

# ट्रक ने छात्र को कुचला, इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम

- हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागा
- हादसे की सूचना पर किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज में दौड़ी शोक की लहर





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बाराबंकी में नगर कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम रोड पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल जा रहे कक्षा 8 के छात्र की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान यशवर्धन तिवारी (14) पुत्र सी. तिवारी निवासी ओम नगर, बंकी के रूप में हुई है। वह किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज में कक्षा 8 का छात्र था। मंगलवार सुबह वह अपने साथी चंदन कुशवाहा के साथ साइकिल से स्कूल जा रहा था। बताया गया कि यश अपने परिवार का इकलौता बेटा था। प्रत्यक्षदर्शियों और उसके साथी चंदन कुशवाहा के अनुसार, यश आगे साइकिल चला रहा था जबकि चंदन उसके पीछे था। जैसे ही दोनों मालगोदाम रोड पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने यश को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट दूर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज पहुंचते ही विद्यालय परिसर में भी शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रशासन ने छात्र के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मंगलवार के लिए आकस्मिक अवकाश घोषित कर दिया। सहपाठियों और शिक्षकों ने भी यश के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सड़कों पर अवैध पार्किंग बन रहे हादसों का सबब

शहर के अंदर मालगोदाम रोड पर प्रतिदिन सड़क पर लाइन से ट्रकें खड़ी रहती है, रोड पर चलने वाले लोग खड़ी ट्रकों के को ओवरटेक करके बीच सड़क पर चलने के लिए मजबूर होते हैं , ऐसे में यदि कोई और वाहन आ जाये तो साइकिल व पैदल चलने वालों के लिए जोखिम बढ़ जाता है। छात्र यशवर्धन तिवारी भी खड़ी ट्रकों को साइकिल से ओवरटेक करके निकल रहा था, इसी बीच दूसरी ट्रक आ गई और छात्र दोनो ट्रको के बीच मे कुचल गया। यही हाल अयोध्या हाइवे, पल्हरी मोड़ , असेनी मोड़ हाइवे, टोल प्लाजा अहमदपुर, शाहबपुर आदि स्थानों पर भी ट्रके सड़क पर खड़ी रहती है। प्रशासन इस तरह की अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने में नाकाम है।

## खबरें एक नजर में

### दादा तेजभान सिंह की अस्थि कलश यात्रा 9-10 जुलाई को



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनसेवा, सादगी और ईमानदारी के लिए विख्यात रहे स्व. दादा तेजभान सिंह की स्मृति में 9 और 10 जुलाई को दो दिवसीय अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान जिले के विभिन्न कस्बों और गांवों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन पुष्प अर्पित कर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देंगे। पहली अस्थि कलश यात्रा 9 जुलाई को सुबह 8 बजे उनके पैतृक निवास ग्राम अचलपुर से शुरू होगी। यह यात्रा हरगांव, जामों, बलभद्रपुर, मवई, उमराडीह, हरदो, बरौलिया, सुजानपुर और अमेठी होते हुए आगे प्रयागराज संगम पहुंचेगी, जहां अस्थि कलश का विसर्जन किया जाएगा। दूसरी अस्थि कलश यात्रा 10 जुलाई को सुबह 8 बजे भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज से प्रारंभ होकर राजगढ़, दुलापुर, कोछित और अढ़नपुर होते हुए शाम 6 बजे शहीद स्मारक, भाले सुल्तान पहुंचेगी, जहां श्रद्धांजलि के साथ यात्रा का समापन होगा।

### अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, तीन युवक घायल



**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे टोल टैक्स के पास एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर भगवंत नगर उन्नाव से मनगढ़ दर्शन करने के लिए जा रहे थे तभी अचानक रास्ते पर कुत्ता आ गया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों लोग गिर गए। जिसमें पवन कुमार पुत्र रामकृष्ण उम्र 28 वर्ष निवासी भगवंत नगर उन्नाव,रौनक पुत्र भोला 15 वर्ष ,राहुल पुत्र शिव शंकर 22 वर्ष निवास उपरोक्त गंभीर रूप से घायल हो गए वहां मौजूद एंबुलेंस के जरिए घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद रौनक की हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### कार बाइक की भिड़ंत में युवक की दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के बीजापुर भट्ठे के समीप कार व बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई इस सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान सुबेहा थाना क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवासी सत्यनारायण (पुत्र परीदीन) के रूप में हुई है। सत्यनारायण सोमवार शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से लखनऊ से अपने घर हरचंदपुर लौट रहे थे। बीजापुर भट्ठे के पास उनकी कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से सत्यनारायण घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उनका सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया जहां उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया।

### सीएचसी दवा लेने गई महिला हुई लापता

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे गनई गांव निवासी 34 वर्षीय महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर से लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस से महिला की तलाश करने की गुहार लगाई है। पूरे गनई निवासी मुकेश कुमार के मुताबिक उनकी पत्नी ज्योति रविवार दोपहर करीब तीन बजे अपनी एक वर्षीय बेटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर से भिटरिया लौटी थीं। बच्ची को नींद आने पर ज्योति ने पति से उसे घर पहुंचाने को कहा और बताया कि वह रिक्शे का किराया चुकाकर घर आ जाएगी। मुकेश बच्ची को लेकर घर चले गए। करीब दो घंटे बाद वह बाइक से ज्योति को देखने निकले, लेकिन वह वहां नहीं मिली। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। परिजनों ने देर रात तक आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं लग सका। पति ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की तलाश करने की मांग की है।

# भाकियू की मासिक बैठक में हुई संगठन विस्तार पर चर्चा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह व जिला सचिव महादेव यादव की उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद रावत ने किया।

बैठक में गांवों में संगठन विस्तार,नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, साधन सहकारी समितियो पर खाद उपलब्ध कराने, युरिया व डीएपी की कालाबाजारी , गांव में स्वच्छता के क्रम में नालियों की सफाई, जानवरों के टीकाकरण आदि का मुद्दा जोर-जोर से छाया रहा। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि साधन सहकारी समितियो पर व प्राइवेट दुकानों पर यूरिया व डीएपी के साथ जबरदस्ती किसी प्रकार के अन्य रासायनिक उर्वरक लेने पर मजबूर किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक डेरा डालो आंदोलन करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए महादेव यादव ने कहां की संगठन विस्तार के क्रम में ब्लॉक हैदरगढ़ के अंतर्गत आने सभी ग्राम पंचायत में भारतीय किसान यूनियन अ राजनीतिक के सभी पदाधिकारी गांव गांव में जाकर संगठन विस्तार का काम करेंगे, बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नहरों में टेल गुल तक पानी पहुंचाया जाए तथा गांवों में गांव की नालियां कीचड़ से बच बजा रही हैं जिन्हें तत्काल साफ कराया जाए जानवरों के मुंह पका , खुर पका, गला घोटू आदि के टीकाकरण तत्काल कराया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक परिसर में डेरा डालो आंदोलन का काम करेगी।

बैठक में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ,जिला सचिव महादेव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ,युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूल चंद्र रावत , महिला नगर अध्यक्ष गुच्चनन देवी,ब्लॉक उपाध्यक्ष अनंत, कुमार सिंह ,ब्लॉक सचिव बृजेश कुमार यादव, रामकरन यादव, शिवकरन कश्यप, रामकरण यादव, सुरेश कुमार यादव ,काशी प्रसाद राजपूत,तेज प्रताप यादव ,कामता प्रसाद ,शिव शंकर शर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# लकड़ी के टाल से टकराई कार, युवक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

रामगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा कुरंग गांव के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आरा मशीन पर रखे लकड़ी के टाल से टकराकर पलट गई। कार में सवार एक अन्य युवक सुरक्षित बच गया। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ जिले के माधोपुर चिलबिला निवासी प्रतीक दुबे उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। कार में उसके साथ मौजूद अनुराग पाल सुरक्षित बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रतीक सोमवार रात करीब 11:15 बजे सुल्तानपुर के सौरमऊ स्थित अपने ननिहाल से एक दोस्त के बुलाने पर कार लेकर निकला था। रात करीब एक बजे उसकी कार अनियंत्रित होकर लकड़ी के टाल से टकरा गई। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने संदेह जताया है। उनका कहना है कि हादसे के समय प्रतीक के शरीर पर केवल अंडरवियर था, जिससे उन्हें आशंका है कि हत्या के बाद इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सरवन गांव के पास पूरे राम दयाल का पुरवा मोड़ के निकट रेलवे लाइन पर सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों ने एक महिला का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फुरसतगंज थाना प्रभारी नन्द हौसला यादव ने बताया कि रेलवे गेटमैन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और काफी प्रयास किए गए, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही महिला की पहचान कराने और मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## चढ़ावा प्रकरण: कांग्रेस ने की सद्बुद्धि पदयात्रा, उठाई जांच की मांग




**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अयोध्या श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी द्वारा सद्बुद्धि पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया। पदयात्रा केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन, गौरीगंज से प्रारंभ होकर बस स्टॉप, कोतवाली, जीजीआईसी, चौक बाजार, पोस्ट ऑफिस, फल मंडी सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर नारे लगाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। चढ़ावे से जुड़े प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे। पदयात्रा में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, परमानंद मिश्रा, प्रवक्ता अनिल सिंह, अर्जुन पासी, जायस नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा सिंह, नरेंद्र मिश्र, किरन देवी, विजय पासी, सवीना, सर्वेश सिंह, राम लखन शुक्ला, रजवाड़ी पासी, शकील इदरीशी, अशोक शुक्ला, पवन दुबे, शत्रुघ्न सिंह, मो आशिफ, युका राष्ट्रीय समन्वयक शौरभ सिंह, युका जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, हस्ढ जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी, गीता सिंह, सुर्ति अवस्थी, मो मतीन, तुलसीराम पासी, राजू पंडित, अरविन्द चतुर्वेदी, अजय सिंह, मनोज कश्यप, सूर्यभान तिवारी, सूर्यमणि ओझा, दयाराम सोनी सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

## बाल संरक्षण एवं साइबर अपराधों से बचाव को लेकर छात्राओं को किया जागरूक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज असैदापुर में साइबर सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता, विद्यालय का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेम या सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त संदिग्ध लिंक फर्जी हो सकते हैं, इसलिए ऐसे लिंक को खोलने से बचें। साथ ही सोशल मीडिया या गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मिले अजनबियों के साथ वीडियो कॉल, फोटो अथवा निजी जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन धमकी देता है, अभद्र भाषा का प्रयोग करता है या किसी प्रकार से परेशान करता है तो इसकी सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर रोशन लाल ने बच्चों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# तहसील महोली में मिली खामियां एसडीएम-तहसीलदार को लगाई फटकार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को तहसील महोली का औचक निरीक्षण कर राजस्व एवं जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अंश संशोधन और नाम संशोधन से संबंधित रजिस्टरों में त्रुटियां मिलने पर उन्होंने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाई तथा प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायतकर्ताओं के फोन नंबर दर्ज न मिलने पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कुछ शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर बात कर फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण स्वयं सुनिश्चित किया जाए और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिखा शुक्ला, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई डॉ श्याम सिंह यादव की जयंती

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज बाराबंकी के प्रांगण में प्रखर समाजवादी चिंतक एवं चिकित्सक स्व. डॉ. श्याम सिंह यादव की जयंती बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक डॉ. विकास यादव ने डॉ. साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यासिर अराफात किदवाई ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने डॉ. श्याम सिंह यादव के बारें में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वास्तव में डॉ. साहब का सम्पूर्ण जीवन दूसरों के हितार्थ समर्पित रहा। जीवन पर्यन्त वे दूसरो की भलाई एवं सामाजिक उत्थान में रत् रहे एवं अपने अग्रज स्व. राम सेवक यादव के द्वारा अपनाए गये समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया। डॉ. साहब एक कुशल चिकित्सक होने के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ, समाजसेवी व शिक्षा प्रेमी थे। उन्होने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान का पूरा प्रयास किया। क्योकि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज दोनो के विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर दीनदयाल एडवोकेट, शौर्य सिंह यादव, कृष्ण बहादुर सिंह, अशोक वर्मा, शोभित यादव, धर्मेद्र वर्मा, अंकित कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार, आशुतोष श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, सुधीर सिंह, शिवपाल सिंह, सोहन लाल सहित विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने डॉ. साहब के चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# मनोज शुक्ला हत्याकांड का खुलासा नर्स समेत तीन गिरफ्तार



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

महमूदाबाद पुलिस ने मनोज शुक्ला हत्याकांड का महज 72 घंटे में खुलासा करते हुए मुख्य साजिशकर्ता नर्स जय देवी उर्फ जया समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतक द्वारा लगातार शिकायतें कर नौकरी से निकलवाने की धमकी दिए जाने से परेशान होकर नर्स ने 50 हजार रुपये की सुपारी देकर हत्या कराई। पुलिस ने दो लकड़ी के डंडे, 12,500 रुपये नकद, हत्या में प्रयुक्त बाइक, हत्या की रकम से खरीदा गया मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर जताया रोष



**▸ पोल शिफ्टिंग को लेकर कैलाश राजपूत को दिया ज्ञापन**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण खंड द्वारा बरती जा रही घनघोर लापरवाही पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने रोष व्यक्त करते हुए पोल शिफ्टिंग को लेकर ऊर्जा राज्य मंत्री राज्य मंत्री कैलाश राजपूत को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि विद्युत वितरण खंड छिबरामऊ द्वारा कार्य के प्रति बरती जा रही घनघोर लापरवाही के कारण नगर में बाजार के रोड का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। नगर पालिका परिषद ने पिछले वर्ष 19 मार्च 2025 को विद्युत वितरण खंड को पत्र भेज कर सड़क किनारे लगे पोल हटाने के लिए एस्टीमेट की डिमांड की थी। विद्युत वितरण खंड ने 1 साल बाद फरवरी 2026 में एस्टीमेट बना कर दिया और नगर पालिका ने 19 मार्च 2026 को 36 लाख 89 हजार 269 रुपए का भुगतान विद्युत वितरण खंड में जमा कर दिया। तीन माह बीत जाने के बावजूद अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। निवेदन है कि पोल शिफ्ट करने का कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्देश जारी करने की कृपा करें ताकि पोल हटने के बाद बाजार की सड़क का चौड़ीकरण हो सके और लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके। राज्यमंत्री कैलाश राजपूत ने तत्काल मोबाइल पर अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती से इस संबंध में जानकारी ली तो बताया गया कि जल्द ही टेंडर जारी करवा कर काम शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, टेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सचिन वर्मा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## बारिश होने से मिली राहत किसानों का मक्का भीगा



**समधन, समृद्धि न्यूज।** पिछले दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनता से लेकर पशु-पक्षियों का हाल बेहाल था बारिश होने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पिछले करीब आठ दिनों से रोजाना आसमान में बादल छाए थे लेकिन बारिश नहीं हो रही थी समधन नगर सहित आसपास क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई लोगों ने बारिश के पानी में खूब नहाकर आनन्द लिया गया जुलाई महीना शुरू होते ही बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा था बारिश होने से किसानों की सूख रहीं मक्का भीग गई अगर देखा जाए तो इस वर्ष लगभग 90 प्रतिशत मक्का की फसल कटाई हो चुकी है। देर शाम तक रुक रुक कर बारिश होती रही जिससे मौसम सुहाना हो गया था।

# दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गुरुसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि अलग-अलग स्थानों पर हुए दो भीषण सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों दुर्घटनाओं के बाद पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामलों की जांच शुरू कर दी है।

पहला हादसा सराय दौलत ओवरब्रिज के पास रौतामई के निकट हुआ। हरियाणा के भिवानी जिले के डाडीमऊ निवासी 27 वर्षीय कमल पुत्र सुरेंद्र अपने परिचालक रोहित पुत्र जोगिंदर के साथ पिकअप से सामान लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में चालक को नींद की झपकी आने से तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची सराय प्रयाग चौकी पुलिस ने हाईवे एंबुलेंस की मदद से दोनों को सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय छिबरामऊ पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने कमल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रोहित को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

वहीं दूसरा हादसा गुरुसहायगंज क्षेत्र के औराई गांव के पास हुआ। कानपुर के नौबस्ता निवासी 22 वर्षीय वरुण कुमार और पनकी निवासी 18 वर्षीय अंकित पाल बाइक से नोएडा स्थित निजी कंपनी में नौकरी पर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने वरुण को मृत घोषित कर दिया, जबकि अंकित को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही दोनों मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस दोनों मामलों में फरार अज्ञात वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

# अतिक्रमण से लगा जाम, भाकियू ने जताया रोष



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तहसील के पूर्वी गेट स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अवधेश की आपात किसान पंचायत में अतिक्रमण से लग रहे जाम पर रोष व्यक्त करते हुए समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा विशुनगढ़ रोड पर हनुमानगढ़ी वाली सड़क पर सुबह से शाम तक नकली पाम ऑयल के ट्रकों के खड़े रहने से स्कूल बसें, छात्र-छात्राएं और आम लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ गोदामों में नकली पाम ऑयल का कारोबार चल रहा है, जिसकी खाद्य विभाग द्वारा जांच और सैंपलिंग कराई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क किनारे सरिया उतारने-लोड करने से यातायात बाधित होता है और किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। भाकियू अवधेश ने चेतावनी दी कि यदि उपजिलाधिकारी और खाद्य विभाग ने आठ दिन के भीतर कार्रवाई नहीं की तो संगठन धरना प्रदर्शन और अनशन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान की संस्तुति पर अनिल कुमार को जिला मंत्री, रामदास को जिला सचिव, रामलखन को मंडल सचिव तथा आनंद कुमार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को 15 दिनों के भीतर अपनी-अपनी समितियों का गठन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह प्रधान, अखिलेश दुबे, डॉ. राजू पाल, अनिल सक्सेना सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी का माल्यार्पण कर स्वागत किया और जनहित के मुद्दों को लगातार उठाने की सराहना की।

# ऑपरेशन शुल्क के विवाद पर महिला अस्पताल में हंगामा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सरकारी महिला चिकित्सालय में शनिवार रात प्रसव के दौरान ऑपरेशन को लेकर शुल्क विवाद होने से कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुरी निवासी मोहित अपनी पत्नी रश्मि को रात करीब नौ बजे प्रसव पीड़ा होने पर छिबरामऊ स्थित सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के लिए कन्नौज से बुलाई गई एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. निधि गोयल ने इंजेक्शन लगाने के नाम पर 5,000 रुपये की मांग की। शिकायत मिलने पर अस्पताल की चिकित्सक डॉ. ज्योति सिंह ने सरकारी अस्पताल में सभी सेवाएं निःशुल्क होने की बात



कहते हुए रुपये लेने का विरोध किया। इसे लेकर दोनों चिकित्सकों के बीच ऑपरेशन थिएटर में कहासुनी हो गई। परिजनों का आरोप है कि मरीज को रेफर करने की बात भी कही गई। हालांकि बाद में ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापार सभा की बैठक में महंगाई, बिजली दरों पर उठी आवाज

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी व्यापार सभा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बढ़ती महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद एवं बिजली की बढ़ती कीमतों जैसे जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बंटी शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम जनता, किसान, व्यापारी और युवा सभी वर्ग परेशान हैं। लगातार बढ़ रही महंगाई ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है, जबकि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैठक में सरकार से बिजली दरों में कटौती करने, रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल एवं खाद की कीमतों में कमी लाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाजवादी व्यापार सभा शीघ्र ही जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर जनता की समस्याओं के समाधान की मांग करेगी।

इस दौरान गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, अरुण शर्मा, रामकुमार, मनी गुप्ता, विपिन कुमार, रामू वर्मा, प्रवेश सोनू, अख्तर अंसारी, सतीश सहित समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोहः आकाश एजुकेशन सेंटर के मेधावी छात्र सम्मानित

**गुरसहायगंज /तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



दैनिक जागरण द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, तिर्वा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय की ओर से उपस्थित प्रधानाचार्य अरविंद कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया। समारोह में आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरसहायगंज के मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में अनीस, अलौकिक राजपूत, अनुभव पांडे, सम्राट अग्निहोत्री, जय कृष्णा, अंशु यादव, सिद्धार्थ शर्मा, आराध्या त्रिपाठी, अनुष्का पाल एवं अंश अवस्थी शामिल रहे। सभी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आयोजन समिति एवं दैनिक जागरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने सम्मानित छात्रों का उत्साहवर्धन किया। पूरे माहौल में हर्ष और गर्व का माहौल देखा गया। दैनिक जागरण के इस आयोजन में जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार प्रबंधक आरके कटियार डायरेक्टर आकाश कटिहार के अलावा विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में धूम्रपान करने पर लगा सात पर जुर्माना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन करते मिले सात लोगों पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 की धारा-4 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 470 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कार्रवाई मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम ने की। अभियान के दौरान अस्पताल में आए मरीजों और उनके तीमारदारों को सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करने की सलाह दी गई। साथ ही तंबाकू और धूम्रपान से होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी रोगों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलॉजिस्ट महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाए रखने के लिए समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते हैं।

# सपा की मासिक बैठक में अरविंद सिंह ने भाजपा पर साधा निशाना



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सरायप्रयाग में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी नीतियों से आम जनता और किसान परेशान हैं। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में अनियमितताओं का आरोप लगाकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। साथ ही कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है और वे आर्थिक संकट झेल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी की नीतियों और अखिलेश यादव की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में महेंद्र नीम, विजय द्विवेदी, हारून खान, प्रताप सिंह प्रधान, दिनेश वर्मा, नफीस सागर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज

पत्रांक-275/न.पा.प./ 2026-27 दिनांक- 06.07.2026

### ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिए अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number-2026-27/04ET**

| क्र.सं. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 10.07.2026 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 10.07.2026 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 10.07.2026 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 12.07.2026 | 02:00 PM |
| 5 | Pre Bid Meeting Date | 12.07.2026 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 12.07.2026 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 21.07.2026 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 21.07.2026 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.07.2026 प्रातः 09:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

**अनिल कुमार**
**अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष**

**मुन्नी देवी**
**अध्यक्ष**


## कब्रिस्तान में लगाए गए पौधे

**समधन।** धरती को हरा भरा रखने के लिए युवाओं ने लगाए पौधे कस्बा समधन स्थित एक कब्रिस्तान मैदान में हाजी अब्दुर्रहमान की मौजूदगी में पौधे लगाए गए इस दौरान युवा सपा कार्यकर्ता मिशवाउल हक ने कहा कि वृक्ष हमें हवा ही नहीं बल्कि ऑक्सीजन भी देते हम सबको हमेशा पौधों की अच्छे से देखभाल करनी चाहिए और कम से कम हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाना चाहिए इस अवसर पर हाजी अब्दुल रहमान,मो राशिद, जियाउर्रहमान, शादाब, अयान, अमन, मोहम्मद उमर (लल्ला) भी मौजूद रहे।

# माफिया नवाब-नीलू यादव की 5.25 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और उसके भाई गैंगस्टर नीलू यादव पर प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर दोनों की करीब 5.25 करोड़ रुपये कीमत की 11 संपत्तियां कुर्क कर ली गईं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर नोटिस चस्पा किए और संपत्तियों को प्रशासन के कब्जे में लिया। दोपहर करीब 1:30 बजे सदर कोतवाली से एसडीएम सदर नवनीता राय, सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह, सदर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, तीन थानों की पुलिस और राजस्व विभाग की टीम कंदरौली बांगर पहुंची। यहां से अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई शुरू हुई, जो शाम करीब पांच बजे तक चली।

प्रशासन ने कंदरौली बांगर, मौसमपुर अल्हड़, गदनपुर बड्डू, जेरकिला, दरियापुर पट्टी और दरियापुर चंदई में स्थित 25 बीघा कृषि भूमि और तीन मकानों समेत कुल 11 संपत्तियां कुर्क कीं। प्रशासन का कहना है कि ये संपत्तियां आरोपियों के परिजनों और सहयोगियों के नाम दर्ज थीं तथा अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थीं। एसडीएम नवनीता राय ने बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले भी नवाब सिंह यादव और नीलू यादव की करीब 11 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। इस कार्रवाई के बाद अब तक दोनों भाइयों की लगभग 16 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां प्रशासन कुर्क कर चुका है। गौरतलब है कि अगस्त 2024 में नवाब सिंह यादव को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि उसके भाई नीलू यादव को साक्ष्य मिटाने के आरोप में जेल भेजा गया था। वर्तमान में नवाब सिंह बांदा जेल और नीलू यादव कौशाम्बी जेल में निरुद्ध हैं। गैंगस्टर मामले में दोनों भाइयों को आठ-आठ वर्ष के कारावास की सजा भी सुनाई जा चुकी है।

**▸ 11 संपत्तियों पर मुनादी के बाद चस्पा किए नोटिस**

# सौरिख पुलिस ने पकड़ा अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह, नौ गिरफ्तार

**▸ 10 चोरी की बाइक, चार इंजन, कटे हुए पार्ट्स व तमंचे बरामद**
**▸ पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी घायल**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सौरिख थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें, चार मोटरसाइकिल इंजन, बड़ी मात्रा में कटे हुए बाइक पार्ट्स, पांच अवैध तमंचे, छह जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और पांच एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी श्याम पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। सोमवार को हरिभानपुर स्टेडियम के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने जंगल में चोरी की मोटरसाइकिलें काट रहे साथियों की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। मौके से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें, चार इंजन, कटे हुए पार्ट्स, चार तमंचे, कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पूछताछ में मुख्य आरोपी श्याम ने चार जुलाई को त्रिपाठी बुक डिपो से मोबाइल चोरी की घटना भी स्वीकार की। पुलिस के अनुसार मोबाइल बरामद कराने ले जाते समय उसने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया और झाड़ियों में छिपाकर रखे तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया। उसके कब्जे से एक और तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी औरैया, इटावा तथा हरदोई के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक गिरोह चोरी की मोटरसाइकिलों को काटकर उनके पार्ट्स बेचता था। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और बरामद वाहनों के वास्तविक मालिकों का पता लगाया जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, कन्नौज

पत्रांक-287/न.पा.प.गुर.गंज/(2026-27) दिनांक- 07.07.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज 1 नग, 98 इंच 4के स्मार्ट टीवी (2 जीबी रैम+8जीबी इंटर्नल मेमोरी) क्रय करना चाहती है। जिसकी निविदा समाचार में प्रकाशन की तिथि से लेकर दिनांक 27.07.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.07.2026 अपरान्ह 03.00 बजे इच्छुक निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 25.07.2026 अपरान्ह 05.00 बजे तक लेखा पटल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित है। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्रवाई अगले कार्यदिवस में पूर्ण की जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में नियम व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में लेखा पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि | ईएमडी धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 नग, 98 इंच 4 के स्मार्ट टीवी (2 जीबी रैम+8जीबी इंटर्नल मेमोरी) आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | Rs. 2,99,000.00 | Rs. 30,000.00 | Rs. 500.00 |

**अनिल कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**

**मुन्नी देवी**
**अध्यक्ष**

# गौ आश्रय स्थलों के संचालन में लापरवाही स्वीकार नहीं: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गोवंशों के संरक्षण, चारे, भूसे, हरे चारे, पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुरूप गौ संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गौ आश्रय स्थलों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक व्यवस्था की नियमित निगरानी करें, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने निर्देश दिए कि सहभागिता योजना के तहत सुपुर्द किए गए गोवंश के रखरखाव हेतु गोपालकों को भुगतान समय से पूर्ण किया जाए एवं भुगतान में विलंब होने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाएं, साथ ही निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य को अकारण लंबित रखने पर संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी करें।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद की सभी गौशालाओं को छायादार वृक्ष एवं सहजन के पौधों के रोपण से सघन रूप से आच्छादित करें, जिससे गर्मी के समय गोवंश को प्राकृतिक परिवेश में राहत मिल सके और सहजन की पत्तियों को ग्रहण कर गोवंश को उचित पोषण प्राप्त हो सके।



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

डीएम ने निर्देश दिए कि क्षेत्र पंचायत निधि से सभी विकास खंडों एवं नगर पंचायत में कैटल कैचर क्रय कर आवारा पशुओं को पकड़कर आश्रय स्थलों तक पहुंचाएं। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद की सभी गौशालाओं में चारा कटिंग मशीन अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की गिनती उनकी वास्तविक उपस्थिति के अनुरूप होनी चाहिए तथा मृत गोवंश का अंतिम संस्कार मानक के अनुरूप ही करें। जीवित एवं अमृत गोवंश की सूचना में वास्तविक ता के सापेक्ष प्रस्तुत आंकड़ों में भिन्नता पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, पंचायत सचिव एवं केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी गौ आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गौवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियमित रूप से पशु चिकित्सकों की टीम भ्रमण करे तथा बीमार एवं घायल गोवंशों का तत्काल उपचार कराया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निराश्रित गोवंशों को गौ आश्रय स्थलों तक पहुंचाने, संरक्षित गोवंशों के शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग, साफ-सफाई प्रकाश व्यवस्था तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ के सचिव ने दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ के सचिव ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया। फतेहगढ़ अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश कुमार अग्निहोत्री एडवोकेट ने लिखित पत्र अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ के अध्यक्ष को सौंपा। जिसमें दर्शाया कि अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ की कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 वर्ष पूर्ण ही पूर्ण हो चुका है। मैं उक्त स्थिति व परिस्थितियों में अपने व्यक्तिगत कारणों से अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ के सचिव पद से एवं प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहा हूं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



रोते बिलखते परिजन

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम गढ़िया निवासी 45 वर्षीय श्याम प्रकाश राठौर सुबह करीब 8 बजे घर से बाइक द्वारा थाना शमशाबाद क्षेत्र की शव यात्रा में शामिल होने जा रहे थे। जब श्याम प्रकाश थाना कमालगंज के ग्राम रजीपुर के ग्राम कटरौली पटटी के पास पहुंचा, उसी समय किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से वह झाड़ियों में जा गिरा। बाइक सड़क के किनारे पड़ी देखी गई। राहगीर की सूचना पर खुदागंज चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार मौके पर पहुंचे और श्याम प्रकाश को एंबुलेंस से सीएचसी कमालगंज भिजवाया। जहां डॉ0 विकास पटेल ने श्याम प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। श्याम प्रकाश के पास मिली आईडी एवं मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये और रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के बड़े पुत्र हिमांशु ने बताया कि परिवार में 19 वर्षीय पुत्र अंकित, 12 वर्षीय पुत्री नेहा, पत्नी रीता देवी तथा एक भाई रंजीत हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**शव यात्रा में शामिल होने जाते समय घटी घटना**

## जिलाधिकारी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता एवं विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एम्बुलेंस एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सड़क दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध ढंग से कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क संकेतक, चेतावनी बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं आवश्यक रोड मार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी



बैठक लेती डीएम मौजूद विधायक

लाई जा सके। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में आंतरिक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कराकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों से इस प्रकार का प्रमाण पत्र 07 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं कि उनके विद्यालय से संबंध स्कूली वाहनों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जांच में स्कूली वाहनों के संचालन में यातायात नियमों के प्रति अनियमितता पाए जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में विधायक ने जिला प्रशासन को सुझाव प्रदान करते हुए कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन न करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही कर संबंधित विद्यालयों के संचालकों एवं प्रबंधकों को नोटिस जारी करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में आरोपी

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मुख्य आरोपी शातिर विकास को मंगलवार सुबह झब्बूपुर क्रॉसिंग से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह चूहे की तरह बिल में घुसने की तैयारी में था।

कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला को मुखबिर से मिली खबर के बाद पुलिस ने झब्बूपुर क्रॉसिंग पर जाल बिछा दिया। थाना जहानगंज के राठौरा मोहद्दीपुर का रहने वाला अपराधी विकास जैसे ही वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे धूल चटा दी। सूत्रों की मानें तो आरोपी पर जहानगंज थाने में पहले से केस दर्ज है। यानी ये पहली बार नहीं है जब इसने कानून से खिलवाड़ किया। मृतका के पिता ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया था तब से पुलिस इन हैवानों को जमीन खोदकर निकालने में लगी थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य 4 साथी भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजे जायेंगे।

## खेलते समय धक्का देने से बालक पंखा से टकराया, घायल

- दबंगों ने पीड़ित पिता से की अभद्रता, पुलिस ने थाने से भगाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों के विवाद में उलाहना देने गये पिता को दबंगों ने गाली-गलौज किया और मारपीट पर अमादा हो गये। पीड़ित जब शिकायत करने थाने गया था तो पुलिस ने पीड़ित व उसके बच्चे को थाने से भगा दिया। थाना क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी श्रीपाल का 5 वर्षीय पुत्र नितिन रविवार पड़ोसी के बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान पड़ोसी की पुत्री ने नितिन को धक्का मार दिया।

जिससे नितिन समीप ही चल रहे पंखे से टकराया। जिससे नितिन के चेहरे पर गंभीर चोटें आई। आनन फानन श्रीपाल घायल नितिन को उपचार हेतु ले गया। उपचार कराने के बाद सोमवार श्रीपाल ने युवक के घर जाकर उलाहना दिया, तो युवक गाली-गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो गया। श्रीपाल ने



घायल बालक व जानकारी देता पीड़ित

यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने थाने पहुंचकर शिकायत करने की बात कही। जिसपर श्रीपाल अपने पुत्र नितिन को लेकर मंगलवार थाने पहुंचा और थाने में मौजूद थाना प्रभारी राजीव कुमार को घटना की जानकारी देकर कार्यवाही की मांग की। तो थाना प्रभारी ने बच्चों के मामले में कोई कार्रवाई न होने की बात कहकर चुपचाप घर जाने की बात कही। जिसपर श्रीपाल ने बच्चे के चेहरे की जगह गर्दन पर चोट लगने से मौत होने पर पर भी कोई कार्रवाई न होने की बात कही। तो उत्तेजित थाना प्रभारी ने कहा कि बच्चों के विवाद में कुछ नहीं होगा। थाना प्रभारी राजीव कुमार का यह जवाब सुनकर श्रीपाल व्यथित हो गया और उसने गरीब आदमी की कोई सुनवाई न होने व बिना पैसे दिए कोई न कार्रवाई न होने की बात कही। थाना प्रभारी राजीव कुमार बिफर गए और श्रीपाल को थाने में ही गिराकर मारने व हवालात में बंद करने की धमकी देने लगे।

श्रीपाल व आसपास मौजूद लोगों ने आपत्ति की। तो उन्होंने श्रीपाल व उसके घायल बच्चे नितिन को थाने से बाहर भगा दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार की इस कार्यशैली से अपनी फरियाद लेकर थाने आया श्रीपाल मायूस होकर लौट गया और उसने मामले की शिकायत व थाना प्रभारी के व्यवहार की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही। थाना प्रभारी राजीव कुमार द्वारा फरियाद लेकर थाने आने वाले फरियादियों से ऐसा व्यवहार लोगों में चर्चा का विषय बना है।

## सो रही महिला पर पड़ोसी महिला ने ईंट से किया हमला, घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी से राहत पाने के लिए छत पर सोना एक महिला को महंगा पड़ गया। कायमगंज तहसील के गांव कादरदादपुर सराय में पड़ोसन ने सो रही महिला के सीने पर ईंट से हमला कर दिया। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी।

कादरदादपुर सराय निवासी 26 वर्षीय सरस्वती पत्नी स्व0 कामता प्रसाद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि भीषण गर्मी के कारण वह रात में छत पर सो रही थी। आरोप है कि तभी पड़ोसी झम्मन की पत्नी आई और अचानक ईंट उठाकर उसके सीने पर दे मारी। ईंट लगने से सरस्वती दर्द से तड़प उठी। किसी तरह हिम्मत जुटाकर वह थाने पहुंची और पड़ोसन के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हमले के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है कि आखिर रात में सो रही महिला पर ईट से हमला क्यों किया गया। पुरानी रंजिश या मामूली कहासुनी, जांच में ही खुलासा होगा।



घायल महिला

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, देवर-भाभी घायल



अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के दमदमा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार देवर-भाभी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मऊ रशीदाबाद निवासी आकाश और उनकी भाभी विनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आकाश की हालत नाजुक होने पर उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव कोट पहाड़ी मऊ रशीदाबाद निवासी आकाश उम्र 15 वर्षीय पुत्र दिनेश अपनी भाभी विनेश को बाइक पर बैठाकर पितौरा दवा दिलाने जा रहे थे। जैसे ही वे दमदमा मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से आए अज्ञात चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक में भीषण टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी खतरनाक थी कि देवर-भाभी बाइक से उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। दोनों को गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ. अमरेश ने बताया कि आकाश को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

## ग्राम समाज की जमीन के विवाद में फायरिंग का मामले में पांच हिरासत में

- पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश में
- क्षेत्र में पसरा सन्नाटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में गैस प्लांट के पास सोमवार को ग्राम समाज की जमीन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के संबंध में निसाई ग्राम प्रधान गीता देवी ने मुडगांव के प्रधान रामनारायण सहित हितेश, मनीष, गोल्डी, धीरेन्द्र उर्फगुड्डा एवं एक अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार, ग्राम समाज की भूमि पर रामनारायण द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत अगस्त माह में अधिकारियों से की गई थी। पुलिस की



निसाई प्रधान गीता देवी से घटना की जानकारी करती पुलिस

मौजूदगी में लेखपाल और कानूनगो ने भूमि ग्राम पंचायत को सुपुर्द कराई थी, जिस पर वृक्षारोपण और मेड़बंदी भी कराई गई थी। आरोप है कि रविवार को आरोपियों ने दोबारा मेड़ तोड़ दी तथा विरोध करने पर प्रधान के पुत्र अभय के साथ मारपीट की। इसकी शिकायत थाने में भी दी गई थी। आरोप है कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे 20-25 लोगों के साथ दोबारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर प्रधान पति सत्येंद्र मौके पर पहुंचे, जहां उन पर जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर किया गया। इसके बाद उन्हें वाहन से उतारकर मारपीट की गई। शोर सुनकर पहुंचे अभय, मनोज, अमन, राहुल व अन्य लोगों के साथ भी मारपीट और फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया गया। तहरीर में मनोज पर बम से हमला करने का भी आरोप है। घटना में घायल सत्येंद्र का पहले लोहिया अस्पताल में उपचार कराया गया। जहां से गंभीर



ग्राम प्रधान रामनारायण के घर तैनात पुलिस बल

हालत में उन्हें कानपुर रेफर किया गया। अन्य घायलों का भी उपचार चल रहा है। घटना के बाद निसाई प्रधान गीता देवी तथा मुडगांव प्रधान रामनारायण के आवास के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। रामनारायण के घर पर ताला लगा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक मदनमोहन चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं तथा पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बम से हमला होने की पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही एक व्यक्ति के पैर में गोली लगने तथा अन्य घायलों की चोटों की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

## 10वीं और 12वीं में छात्र-छात्रायें पांच अगस्त तक ले सकते है दाखिला

- 16 अगस्त तक 100 रुपये प्रति छात्र बिलंब शुल्क के साथ फीस कोषागार में जमा कर सकते है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2027 में होने वाली बोर्ड परीक्षा में कक्षा–10 एवं 12 में प्रवेश पांच अगस्त तक होंगे, इसके पश्चात किसी भी दशा में प्रवेश नहीं लिया जायेगा।

यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र अपलोड करने के लिए अंतिम तिथि पांच अगस्त निर्धारित की है। म्युनिसिपल इंटर कालेज के बोर्ड परीक्षा प्रभारी मयंक रस्तोगी ने बताया कि विद्यालय द्वारा कोषागार में चालान के माध्यम से 10 अगस्त तक फीस जमा होगी। इसके पश्चात 16 अगस्त तक 100 रुपये प्रति छात्र बिलंब शुल्क के साथ विद्यालय फीस कोषागार में जमा कर सकते है। परीक्षा प्रभारी मयंक रस्तोगी ने बताया कि 16 अगस्त को ही फीस जमा होने और परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरण को परिषद की बेवसाइड पर अपलोड करना होगा। 1 से 10 सितम्बर तक परिषद की बेवसाइड पर छात्रों के विवरण में प्रधानाचार्य संशोधन कर सकते है। इसके पश्चात बेवसाइड पर संशोधन की सुविधा समाप्त हो जायेगी। तीस सितम्बर तक अभ्यार्थियों को फोटोयुक्त नामवली जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा होगी। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वह समय से कक्षा 10 एवं 12 में प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

## मनरेगा भुगतान में भेदभाव का आरोप ग्राम प्रधान ने डीएम से एपीओ की शिकायत

- 6 वर्षों से एक ही स्थान पर है तैनात, कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास का भुगतान न करने के मामले में प्रधान ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर एपीओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मोहम्मदाबाद विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राजारामपुर मेई के ग्राम प्रधान ने मनरेगा कार्यों के भुगतान में मनमानी और भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर ब्लॉक के एपीओ मयंक कुमार पर पक्षपात करने और स्वीकृत होने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान अटकाने का आरोप लगाया है।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत राजारामपुर मेई में वर्ष 2023 में इंटरलॉकिंग गली और नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, जो दिसंबर 2023 में पूर्ण हो गया। इस कार्य की फाइल जनवरी 2024 में मोहम्मदाबाद ब्लॉक में फीड करा दी गई थी। ग्राम प्रधान के अनुसार, बीडीओ द्वारा इन कार्यों के भुगतान के लिए फाइल स्वीकृत भी कर दी गई थी। इसके बावजूद एपीओ मयंक कुमार द्वारा अब तक केवल 1,72,000 रुपये का ही आंशिक भुगतान किया गया है और शेष राशि का भुगतान रोक दिया गया है।

ग्राम प्रधान ने अपने पत्र में आंकड़ों के साथ यह स्पष्ट किया है कि जिन ग्राम पंचायतों में राजारामपुर मेई के काफी बाद कार्य हुए, उनका लाखों का पूरा भुगतान एपीओ द्वारा कर दिया गया है। भुगतान की गई अन्य ग्राम पंचायतों में नदौरा 4,96,000, पुठरी 5, 61, 000, बाकरपुर 4,46,000, बनकी 4,54,000 हमीरपुर 3,89,000, सकबाई 3, 77,000, जाजपुर गोवा 6,97,000 है।

ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने एपीओ द्वारा पक्षपात कर किये गये उत्पीड़न से परेशान होकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी है। बताते चले कि 6 वर्षों से एक ही स्थान पर मयंक कुमार जमे हुए है। वहीं एपीओ मयंक कुमार ने बताया कि उनके पास कुछ घरेलू समस्याएं थी और उनके परिवारिक भाई की मृत्यु हो गई थी, जिस वजह से उन्होंने पेमेंट नहीं लग पाया था, लेकिन अब ग्राम प्रधान का पेमेंट कर दिया गया है। पहले एक 72000 का पेमेंट किया गया अब 192000 का पेमेंट किया गया।

## भाजपा नेता राहुल राठौर ने किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा नेता, समाजसेवी राहुल राठौर ने ग्वालटोली टिलिया ने फलदार पौधे लगाए है। जिसमें अमरूद और नीम के फल आते हैं। राहुल राठौर ने कहा कि हर किसी को फलदार पौधे जरूर लगाना चाहिए, क्योंकि फलदार पेड़ लगाने से सबसे ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है। इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ हमें सिर्फ छाया नहीं देता, बल्कि शुद्ध ऑक्सीजन, लकड़ी, औषधी, फल, पक्षियों का आश्रय और पर्यावरण को संतुलन भी प्रदान करता है। गर्मी को कम करने, वर्षा चक्र को संतुलन रखने और प्रदूषण को घटाने में पेड़ों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राहुल राठौर ने जनता से अपील की है कि सभी लोगों को एक फलदार पेड़ जरूर लगाना चाहिए।



वृक्षारोपण करते राहुल राठौर

# सपा नेताओं ने पीडीए सदस्यता अभियान के तहत किया पौधरोपण

▸ चारों विधानसभा में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी पिछले एक सप्ताह से अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन की उपलक्ष्य में पीडीए सदस्यता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से धरातल पर चुनावी अभियान को मजबूत करने में जुटी है। भोजपुर, कायमगंज एवं अमृतपुर विधानसभा में सदस्यता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया भोजपुर के कमालगंज में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत द्वारा एवं ग्राम नथुआपुर में डॉ. जेपी वर्मा द्वारा, विधानसभा कायमगंज के ग्राम कोकापुर में सर्वेश अंबेडकर द्वारा सदस्यता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधानसभा भोजपुर के कमालगंज में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की दिशाहीन एवं भ्रष्ट नीतियों ने देश बर्बाद कर दिया है देश का आम जनमानस आज हर मोर्चे पर परेशानी उठा रहा है। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, हाजी तरीक सेठ, जियाउद्दीन खां, डॉ0 जेपी वर्मा, राकेश दिवाकर राका आदि ने विचार व्यक्त किए। विधानसभा भोजपुर के ग्राम नथुआपुर में डॉ0 जेपी वर्मा ने ग्रामीणों से जनसंपर्क स्थापित कर लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस दौरान मिलन कटियार, कश्मीर सिंह यादव प्रधान, हाकिम सिंह, अहिवरन सिंह, रामपाल सिंह आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधानसभा कायमगंज के ग्राम कोकापुर में सर्वेश अंबेडकर द्वारा कोकापुर के मां पीतांबरा एजुकेशन स्कूल में पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कोकापुर प्रधान सुरेंद्र यादव, रमापुर दबीर प्रधान पवन यादव, शाहीपुर पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव, ओमकार फौजी, रविंद्र शास्त्री, देवेंद्र कोटेदार, कामेश कटियार, विनय यादव, अशोक अम्बेडकर उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ0 सत्यपाल, ब्रजेश राजपूत, छोटेलाल राजपूत, प्रशांत राजपूत, अमन राजपूत, मनोज राजपूत, दीपक राजपूत, देवदत्त राजपूत, जयद्रथ राजपूत आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

# नहर विभाग की लापरवाही से ओवरफ्लो से फिर कटा बंबा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर राजकुमार में मंगलवार सुबह नहर विभाग की घोर लापरवाही का लाइव डेमो देखने को मिला। ओवरफ्लो होने से बंबा फिर कट गया और देखते ही देखते 200 बीघा खेत तालाब बन गए। मक्का, लौकी समेत किसानों की खून-पसीने की कमाई पानी में डूब गई। गुस्साए किसानों का आरोप है कि बंबे में जमा कूड़ा-झाड़ियों की सफाई न होने से 4 दिन में दूसरी बार ये जल तांडव हुआ है। मंगलवार सुबह बंबे में पानी का दबाव बढ़ते ही किनारा टूट गया। तेज बहाव का पानी ऐसा फैला कि खेतों में खड़ी फसलें मिनटों में जलमग्न हो गईं। किसान प्रवीन कुमार और सुधीर कुमार ने बताया कि लौकी की बेलें, मक्का के पौधे, सब पानी में डूब गए। एक हफ्ते में दूसरी बार बर्बाद हो गए। अब बच्चों का पेट कैसे भरें ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। इसी जगह 3 जुलाई को भी बंबा कटा था। तब भी सैकड़ों बीघा फसल तबाह हुई थी। किसानों का आरोप है कि नहर विभाग ने स्थायी समाधान तो दूर, चेतावनी तक को नजरअंदाज कर दिया। किसानों ने बताया कि बंबा जौरा गांव की तरफ कूड़ा-करकट, सिल्ट और झाड़ियों से अटा पड़ा है। सफाई न होने से पानी का फ्लो रुकता है, दबाव बढ़ता है और बंबा फट जाता है।

200 बीघा फसल जलमग्न

हर बार विभाग की लापरवाही का बिल किसान चुकाता है, गुस्साए काश्तकारों ने कहा सूचना पर नहर विभाग के जेई महेंद्र सिंह ने बताया कटाव की खबर मिलते ही टीम भेजी। जेसीबी से कटान बंद करा दिया गया है। निगरानी रखी जा रही है।


कटे बंबा से बहता पानी

# तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को वितरित की गई अन्न बीज किट


बीज किट प्राप्त करते किसान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजकीय कृषि रक्षा इकाई बढ़पुर में मंगलवार को विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट एवं रोग नियंत्रण विषय पर योजनागत एक दिवसीय तकनीकी कर्मचारी एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य बढ़पुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कटियार निदेशक आलू विकास विपणन संघ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में ज्ञानेंद्र सिंह सेवानिवृत्त एसटीएबी ने किसानों एवं तकनीकी कर्मचारियों को फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए पारिस्थितिकीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग, समेकित कीट प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विकास खंड बढ़पुर के समस्त स्टाफ एवं प्रभारी, कृषि रक्षा इकाई बढ़पुर की उपस्थिति रही। किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप अन्न (मोटे अनाज) के बीज किट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में संजय कटियार, अवधेश सिंह, सोनू, कृपाल सिंह सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे। वक्ताओं ने किसानों से पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने तथा बेहतर उपज प्राप्त करने का आवाह्न किया।

## मण्डलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए टीम का हुआ चयन


चयनित मुक्केबाज खिलाड़ी व क्रीड़ाधिकारी आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्वर्गीय ब्रह्मद द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला टीम का चयन किया गया। मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 8 जुलाई को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित की जाएगी। मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के पश्चात कानपुर मंडल टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 जुलाई से 13 जुलाई तक स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिला टीम के चयन में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें 09 खिलाड़ियों का चयन जिला टीम में किया गया। टीम चैयन के अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह, मुक्केबाजी संघ की सचिव संजीव कटियार, मुक्केबाजी प्रशिक्षक पूनम शर्मा, सचिन सिंह, सत्यम मिश्रा, मनोज कुमार, सुशांत गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# आम मंडी में सरकारी हैंडपंप बना शोपीस

▸ पुलिस पिकेट के सामने ही जनता बेहाल, ग्राम प्रधान बेखबर
▸ ग्राम प्रधान से कई बार हैंडपंप ठीक कराने की लगाई गई गुहार, पर कोई सुनवाई नहीं

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कायमगंज मार्ग पर स्थित टेढ़ी कोन इन दिनों आम की थोक-फुटकर मंडी से गुलजार है। अताईपुर, ममापुर, नरसिंहपुर और पितौरा जैसे दर्जनों गांवों का ये प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन आम के सीजन में उमड़ रही भीड़ के लिए पीने का पानी तक नसीब नहीं है।

भीषण गर्मी में खरीदार, विक्रेता और राहगीर पानी को तरस रहे हैं। बाजार में पीने के पानी का एकमात्र सरकारी हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा है। हैरानी की बात ये है कि यहीं रात्रि पुलिस पिकेट के लिए छायागृह भी बना है, जहां 24 घंटे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहती है। पुलिस के सामने ही जनता प्यास से बेहाल है, लेकिन खराब हैंडपंप की सुध लेने वाला कोई नहीं। टेढ़ी कोन सिर्फ आम बाजार ही नहीं, कई गांवों का लाइफलाइन मार्ग है। अंतिम संस्कार समेत जरूरी कामों के लिए भी लोग इसी रास्ते से गुजरते हैं। पानी न मिलने से शव यात्रा में शामिल लोगों को भी भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। स्थानीय दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। आम विक्रेताओं ने बताया कि ग्राम प्रधान से कई बार हैंडपंप ठीक कराने की गुहार लगाई, पर कोई सुनवाई नहीं। भीषण गर्मी में 2-2 किमी दूर से पानी लाना पड़ता है।


खराब पड़ा हैंडपम्प

# अवनीश सिंह बने जनसत्ता दल किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के निर्देशानुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ बलवीर सिंह चौहान द्वारा किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष अवनीश सिंह को बनाया गया और उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर संगठन की जिम्मेदारी निभाते हुए कमेटी घोषित करने के निर्देश दिये गये। अवनीश सिंह का माल्यार्पण कर पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने अवनीश सिंह को मनोनयन पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में संगठन का विस्तार कर ब्लाक स्तर पर कमेटियां घोषित की जायेंगी और पार्टी की नीतियों और किसान हितैषी विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। अवनीश सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी है, निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वाह्न करेंगे और किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला सचिव सिद्धांत सिंह, राम शरण राजपूत, राणा प्रताप सिंह, वीपी सिंह, अविनाश यादव, राम सिंह पाल, जोगराम राजपूत, अजीत सिंह, जगदीश सिंह यादव, अमरीस यादव, अवनीश कुमार यादव आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति का धरना जारी

▸ सातवें दिन भी नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में सातवें दिन ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर धरना जारी है। ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में पिछले 17 वर्षों से नगर पालिका के आ रहे गंदे नाले का पानी से फसलें बर्बाद हो रही है। किसान परेशान है।

20 मई को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जिस पर 1 जुलाई से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है। किसान संगठनों ने मांग की है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो धरना जारी रहेगा। जिसमें रामपुर डफरपुर के पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाले गांव में मुख्य तिराहे, चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी कोहना व कमालगंज के ग्राम गदनपुर में पात्र लाभार्थियों को आवास एवं शौचालय दिया जाये। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर पिछले वर्ष आयी बाढ़ में कई ग्रामीण बेघर हो गये है।

ऐसे में उन्हें जगह आवंटित कर रहने के लिए भवन बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर धरना जारी रहा। मांगों को लेकर किसान अड़े हुए है। शीघ्र समाधान न निकला तो आंदोलन और बड़ा होने की संभावना है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, संजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव, रनधीर सिंह, विनोद यादव, अनूप यादव, दिनेश यादव, धर्मवीर, श्यामलता कुशवाहा, पारस, परवेश कुमार, फूल सिंह, रुपलाल, अशोक कुमार, अनमोल राजपूत, कुलदीप सिंह, अंकित, अमित, रामरहीस, विकास राजपूत, राकेश, पवनदेव, विनोद यादव आदि लोग मौजूद रहे।


धरने पर बैठे ग्रामीण

## आज राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जनपद में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का करेंगी शुभारम्भ


राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री (कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार) प्रतिभा शुक्ला जनपद में 08 जुलाई को प्रातः 10 बजे जे.जे.आर. पैलेस, पुलिस लाइन, फतेहगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। वे शिक्षकों के स्वास्थ्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके पात्र आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराते हुए आर्थिक बोझ को कम करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं तथा कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## सदर विधायक के घुटनों का हुआ आपरेशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी काफी दिनों से घुटने के दर्द से पीड़ित चल रहे थे। उनको चलने में दिक्कत हो रही थी। गंभीर दर्द के बाद भी वह नजरअंदाज करते रहे। डॉक्टर की सलाह पर उन्होंने अपने दोनों घुटनों का रिप्लेसमेंट आपरेशन कराया है। उनको पूर्ण रुप से ठीक होने में एक माह लग जायेगा। एक सप्ताह के बाद अस्पताल से छुट्टी कराकर अपने आवास लखनऊ पर पहुंच जायेंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि क्षेत्र का विकास किसी तरह बाधित न हो, जिसके लिए वह दूरभाष पर वार्ता करते रहेगें। जरुरी कार्य के लिए कोई भी व्यक्ति लखनऊ निवास पर जाकर मिल सकता है। आपरेशन होने के बाद डाक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने अस्पताल में भर्ती के दौरान अपनी अपील भेजकर क्षेत्र की जनता का समर्थन मांगा है कि जल्द स्वस्थ होकर आयें और आपके बीच पुनः पहले की तरह विकास की गति तेज करते हुए कार्य करे।

# साप्ताहिक मध्यस्यता अभियान के तहत एडीआर भवन में बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मध्यस्यता अभियान को साप्ताहिक मध्यस्यता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के लम्बित एवं प्री-लिटीगेशन से सम्बन्धित मामलों को मध्यस्थता के आधार पर निस्तारित कराये जाने के लिए जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में संजय कुमार षष्ठम अपर जिला जज नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में मध्यस्तगण के साथ एडीआर भवन में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन जयवीर सिंह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

अध्यक्षता कर रहे नोडल अधिकारी ने मध्यस्तगण को साप्ताहिक मध्यस्यता अभियान को सफल बनाये जाने के लिए विभिन्न प्रकार के मामलों को सन्धि एवं मध्यस्थता के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण के लिए जोर दिया गया तथा विभिन्न न्यायालयों से भी अपेक्षा की गयी कि न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों को मध्यस्यता केन्द्र के लिए संदर्भित कराये जाने के लिए सचिव को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में जवाहर सिंह गंगवार, सगीर अहमद खाँ, जगदीशइ चन्द्र सागर, प्रभाशंकर औदीच्य, उमा मिश्रा, राजरानी श्रीवास्तव, गजाला तबस्सुम, सतीश कुमार, नन्दकिशोर दीक्षित, विनीत कुमार, आलोक कुमार त्रिपाठी, आनन्द यादव, खुशनवाज खान, सगीर अहमद खाँ, धर्मेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव आदि उपस्थित हुये।


बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी व अन्य

# स्नातक व प्रवक्ता संवर्ग के शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम अब अंग्रेजी में भी होगा उपलब्ध

▸ 23 हजार से अधिक पदों पर प्रधानाचार्यों व शिक्षकों की भर्ती की तैयारी कर रहा शिक्षा आयोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उ0प्र0 शिक्षा सेवा आयोग माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त चल रहे 23,213 पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा। जिसमें प्रधानाचार्य के 1502, प्रधानाध्यापक के 1003, पीजीटी के 2705, टीजीटी के 16,114 तथा सहायक अध्यापक के 1889 पद शामिल है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों (एडेड कालेज) में रिक्त 23,213 पदों की अधियाचन की सूचना शिक्षा सेवा आयोग को भेज दी है। रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आयोग ने तैयारियां शुरु कर दी है। आयोग ने भर्ती प्रक्रिया में बढ़ा बदलाव करने की भी तैयारी कर ली है। जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी), प्रवक्ता शिक्षक और प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा सहायकत अध्यापक संबद्ध प्राइमरी पदों की नई भर्ती परीक्षा में इस बार पाठ्यक्रम हिन्दी के साथ अंग्रेजी में भी उपलब्ध कराया जायेगा। अभी तक आयोग की बेवसाइट पर केवल हिन्दी माध्यम से ही पाठ्यक्रम अपलोड होता था। आयोग के अध्यक्ष डा0 प्रशांत कुमार के मुताबिक विगत दिनों आयोजित टीजीटी और पीजीटी की भर्ती परीक्षाओं के दौरान यह बात सामने आई कि प्रश्न पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होते है, परन्तु पाठ्यक्रम केवल हिन्दी के उपलब्ध रहता है, इससे सीबीएसई, यूपी बोर्ड, अंग्रेजी माध्यम और आईसीएसई पृष्ठभूमि के अभ्यार्थियों को कठिनाई होती थी। क्योंकि उनकी शैक्षिक पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होती है। आगामी शिक्षक भर्ती को अध्यन में रखते हुए आयोग दोनों भाषाओं में पाठ्यक्रम तैयार करने के दिशा में काम कर रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यकः अर्चना पांडेय




छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

वन विभाग की ओर से मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में आम फल बहार-आपके द्वारा अभियान के अंतर्गत पौध वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय ने आम के पौधों का वितरण किया।

इसके बाद विधायक अर्चना पांडेय और क्षेत्रीय वन अधिकारी ने संयुक्त रूप से आम एवं अशोक के पौधे रोपकर अभियान का संदेश दिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने अतिथियों का ग्रीन वेलकम कर स्वागत किया। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से अपने घरों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष स्वच्छ वायु, हरियाली और स्वस्थ जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में वन विभाग के रेंज स्टाफ, डायट के शिक्षक, कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वन विभाग ने बताया कि 5 से 12 जुलाई तक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाकर जनभागीदारी के माध्यम से हरित वातावरण को बढ़ावा दिया जाएगा।

# विनोद गुप्ता बनें फतेहगढ़ व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष

▸ सलमान बने युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला मंत्री महामंत्री रविकांत गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा के द्वारा सहमति से फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता को घोषित किया गया।

नगर अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि 15 दिन के अंदर फतेहगढ़ नगर की टीम हर हाल में घोषित करके जिला महामंत्री को प्रेषित करें। नवनियुक्त पदाधिकारी सहित व्यापारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी अजय सक्सेना, नीरज अग्रवाल, अंकित कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, आलोक कुमार गुप्ता, विकास अग्निहोत्री, अरविंद कुमार, आकाश कुमार, मुकेश गुप्ता, राहुल राठौर, वैभव शुक्ला, राघवेंद्र मिश्रा, अमित यादव, अवधेश मिश्रा, सतीश गुप्ता, तनिष्क गुप्ता, आयु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

वहीं बीबीगंज स्थित अंशु गुप्ता के प्रतिष्ठान पर जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता व जिला संरक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने युवा नेता सलमान को युवा व्यापार मण्डल का नगर अध्यक्ष घोषित किया और व्यापारी हित की समस्याओं का निदान कराने के लिए संकल्प दिलाया। सभी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, अभिषेक वर्मा, अनिल गुप्ता, अंशु, माइकल गुप्ता, आलोक गुप्ता, आकाश गुप्ता, कमल किशोर, विजय कठेरिया, मोहित श्रीवास्तव, सुशील सिंह, मोहसिन कुरैशी, मुन्ना, हाफिज नौशाद, आमिर अली, मुद्दसिर, सावेज खान, सुशील, पंकज गुप्ता, जितेन्द्र शाक्य, साजिद आदि लोग मौजूद रहे।


मनोनयन पत्र प्राप्त करते विनोद गुप्ता

## सूचना

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 11/10/2019 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश पुष्पेन्द्र कुमार कश्यप अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम शुभांश कश्यप है। अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये तथा सही नाम दर्ज करने की कृपा करे। नीरज कुमार पुत्र देशदीपक निवासी हाथीखाना, फतेहगढ़, फर्रु0।

## खबरें एक नजर में

### डायल-112 की स्कॉर्पियो ने एजेंसी की कार में मारी टक्कर, पुलिस व व्यापार मंडल में नोकझोंक!





**बिजुआ खीरी।** पलिया–भीरा मार्ग पर साईं मंदिर के पास मंगलवार दोपहर डायल–112 की स्कॉर्पियो ने पीछे से वाणी हीरो एजेंसी की कार में टक्कर मार दी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी तय करने को लेकर पुलिसकर्मियों और व्यापार मंडल पदाधिकारियों के बीच काफी देर तक तीखी बहस होती रही। पलिया–भीरा मार्ग पर मंगलवार दोपहर साईं मंदिर के निकट डायल–112 की स्कॉर्पियो और वाणी हीरो एजेंसी की कार के बीच हुई टक्कर के बाद मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, जबकि एजेंसी की कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पलिया स्थित वाणी हीरो एजेंसी की कार भीरा की ओर से पलिया जा रही थी। जैसे ही वाहन साईं मंदिर के पास पहुंचा, पीछे से आ रही डायल–112 की स्कॉर्पियो (यूपी–32 डीजी–8544) ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि दोनों वाहनों में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। हादसे की जानकारी मिलते ही वाहन स्वामी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता के पहुंचने के बाद दुर्घटना के कारण को लेकर पुलिसकर्मियों और व्यापार मंडल पदाधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप था कि डायल–112 वाहन चालक ने सुरक्षित दूरी का पालन नहीं किया, जिसके चलते पीछे से टक्कर हुई। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि स्पष्ट गलती होने के बावजूद पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय कार चालक को ही दोषी ठहराने का प्रयास कर रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में काफी देर तक बहस चलती रही। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है। उनका कहना था कि यदि पुलिस विभाग के वाहन चालक भी नियमों की अनदेखी करेंगे तो इससे आम लोगों में गलत संदेश जाएगा। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच विवाद पूरी तरह शांत नहीं हो सका था और मामले को लेकर बातचीत जारी थी।

### कैमहरा में दुकानों के भीतर कथित अस्पताल संचालन पर उठे सवाल, सीएचसी अधीक्षक बोले–जांच के बाद जल्द शुरू होगी कार्रवाई



**लखीमपुर-खीरी।** सीएचसी फरधान क्षेत्र के कैमहरा कस्बे में कथित रूप से बिना वैध पंजीकरण अस्पताल संचालित होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिजली पावर हाउस के पास दुकानों के भीतर संचालित इस केंद्र में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है और ऑपरेशन किए जाने का भी दावा किया जा रहा है। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल परिसर में किसी पंजीकृत संस्थान का स्पष्ट नाम या अधिकृत साइनबोर्ड प्रदर्शित नहीं है। केवल शीशे पर हॉस्पिटल और भर्ती की सुविधा लिखा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कई बेड पर मरीज भर्ती दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद भी मरीजों को वहीं रखा जाता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर का नाम, योग्यता (डिग्री) अथवा पंजीकरण संबंधी कोई विवरण सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं है। साथ ही अग्निशमन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नजर नहीं आए, जिससे किसी आपात स्थिति में सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मरीजों को गंभीर बीमारी बताकर भर्ती किया जाता है, ऑपरेशन और दवाओं में छूट का लालच दिया जाता है तथा बिना बिल और जीएसटी के धनराशि वसूली जाती है। कुछ लोगों ने अनावश्यक जांचें लिखे जाने और उनसे कथित रूप से कमीशन लेने के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं, नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर अस्पताल के एक कथित स्टाफ ने भी दावा किया कि कुछ मरीजों को गंभीर बीमारी का भय दिखाकर महंगी जांचें कराई जाती हैं। इस दावे का भी स्वतंत्र सत्यापन नहीं हो पाया है। सीएचसी फरधान के अधीक्षक अमित बाजपेई ने बताया, मामला संज्ञान में है और वीडियो भी सामने आया है। जांच टीम भेजकर पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि बिना पंजीकरण संचालन अथवा अन्य अनियमितताएं पाई जाती हैं तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सोहट गांव में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, क्षेत्र में फैली सनसनी

**महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहट नौका टोला में मंगलवार सुबह एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार, सोहट नौका टोला निवासी पुष्पा देवी (26) पत्नी धर्मेंद्र श्रीवास्तव की अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद होने की चर्चा है। इसके कुछ समय बाद सुबह उनका शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच कर महत्वपूर्ण तथ्यों को एकत्र किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। थानाध्यक्ष कोठीभार अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश के मौसम में बिजली से रहें सावधान, उपखंड अधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** मानसून में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए विद्युत विभाग ने लोगों को बिजली से होने वाले हादसों के प्रति आगाह किया है। उपखंड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतें ताकि करंट लगने जैसी घटनाओं से बचा जा सके ।उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि गीले वातावरण में बिजली का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में जरा सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। बारिश के दौरान बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर एवं खुले तारों से दूर रहना बेहद जरूरी है।इन बातों का रखें विशेष ध्यान किसी भी बिजली के पोल या तार को हाथ न लगाएं, खासकर जब वह गीले हों। पानी भरे स्थानों में खड़े बिजली के पोल के पास न जाएं। पानी में करंट फैलने का खतरा रहता है। अगर कहीं टूटे या झुके हुए पोलध्तार दिखें तो तुरंत विद्युत विभाग या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। खुद ठीक करने की कोशिश न करें। उपखंड अधिकारी ने कहा कि विभाग की टीमें बारिश में अलर्ट मोड पर हैं। शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों व पोल से दूर रखें। बिजली से जुड़ी कोई भी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। इसलिए सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

### बरौंधा बाजार में बर्तन व ज्वेलरी की दुकान का ताला तोड़ लाखों के गहने पार, सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए चोर



**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा बाजार में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काटने के बाद डीवीआर भी साथ उठा ले गए। घटना से पूरे बरौंधा बाजार में हड़कंप मच गया। बरौंधा बाजार निवासी लालचंद सोनी के पुत्र पंकज सोनी की बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान है। देर रात चोरों ने दुकान के शटर और अंदर लगे चौनल का ताला तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन काटकर डीवीआर निकाल लिया और दुकान में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने–चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चोर दुकान के पीछे की ओर अलमारी और गहनों के खाली डिब्बे भी बिखरे छोड़ गए थे। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर, प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय, बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फारेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। वहीं एसओजी टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूछताछ के लिए दुकान पर कार्यरत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का राजफाश कर लिया जाएगा।

## जमीनी विवाद में पुत्रों ने किया जानलेवा हमला

# पिता को घंटों दुकान में बंधक बनाकर रखा

- पड़रिया तुला में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, पत्नी समेत चार पर मुकदमा, एक हिरासत में

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया तुला में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार में ऐसा विवाद हुआ कि पत्नी और तीन पुत्रों पर अपने ही पिता पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा। मारपीट में गंभीर रूप से घायल पिता को रस्सी से बांधकर कई घंटे तक एक शटर वाली दुकान में बंद रखने का भी आरोप है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मुक्त कराकर सीएचसी बिजुआ में भर्ती कराया। मामले में पत्नी समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार पड़रिया तुला निवासी जगमोहन राठौर पुत्र बाबूराम के परिवार में काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि उनके पुत्रों ने परिवार की कुछ भूमि एक किसान को ठेके पर दी थी, जिस पर परवल की फसल खड़ी थी। आरोप है कि कुछ समय पूर्व जगमोहन ने उसी खेत में पहुंचकर फसल में आग लगा दी थी। इस संबंध में ठेकेदार किसान ने पड़रिया पुलिस चौकी में शिकायत भी की थी, लेकिन विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सका। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे इसी विवाद को लेकर परिवार में कहासुनी हो गई। आरोप है कि पत्नी जगरानी तथा पुत्र अनंत, रोहित और संतोष ने मिलकर जगमोहन की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। हमले में उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद उन्हें रस्सी से बांधकर गांव की एक शटर वाली दुकान में बंद कर दिया गया, जहां वह कई घंटे तक घायल अवस्था में पड़े रहे। घटना की सूचना पर पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह एवं पीआरवी-112 मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान खुलवाकर घायल को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है।

थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पत्नी जगरानी तथा पुत्र अनंत, रोहित और संतोष के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की विवेचना की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन का विवाद इतना बढ़ गया कि पारिवारिक रिश्ते भी इसकी भेंट चढ़ गए।

### नया पिंड गांव बना टापू, मोहाना नदी का बढ़ा जलस्तर बना मुसीबत



**तिकुनिया-खीरी।** लगातार हो रही बारिश के चलते मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के खैरटिया गांव का मजरा नया पिंड पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया है। गांव के चारों ओर नदी का पानी बहने से ग्रामीणों का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग कट गया है। गांव तक पहुंचने का एकमात्र साधन रपटा पुल भी पानी में डूब गया है, जिससे लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से रपटा पुल के ऊपर तीन से चार फीट तक पानी बह रहा है। ऐसे में पैदल या किसी वाहन से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नाव के जरिए बाजार, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आ–जा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई और मरीजों के उपचार पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। नया पिंड गांव में करीब तीन दर्जन परिवार निवास करते हैं। हर वर्ष बरसात के चार माह गांव बाढ़ के पानी से घिरकर टापू बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बरसात शुरू होते ही लोगों के सामने आवागमन, खाद्यान्न, दवा और अन्य जरूरी सुविधाओं का संकट खड़ा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पहले मोहाना नदी की तेज कटान में गांव के करीब ढाई दर्जन मकान नदी में समा गए थे। इसके बाद भी नदी लगातार कटान कर रही है, जिससे गांव के अस्तित्व पर खतरा बना हुआ है। नदी का बढ़ता जलस्तर और तेज बहाव ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर रहा है। लोग दिन–रात नदी की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था, नाव की उपलब्धता, बाढ़ राहत सामग्री तथा कटान रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाने की मांग की है।

### व्यापारियों ने संभाली जगन्नाथ रथयात्रा की सेवा व्यवस्था, 17 जुलाई को जगह-जगह लगेंगे नि:शुल्क स्टॉल



**लखीमपुर खीरी।** भगवान जगन्नाथ की 17 जुलाई को निकलने वाली रथयात्रा को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर के व्यापारियों ने सेवा कार्यों की जिम्मेदारी संभाल ली है। इस्कॉन मंदिर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि रथयात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क पेयजल, शीतल पेय और खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाए जाएंगे। बैठक में रथयात्रा की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सेवा स्थलों की स्वच्छता, पेयजल, प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर व्यापारियों ने सुझाव दिए और आयोजन को अनुशासित व सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया। खाद्य एवं पेय स्टॉलों के समन्वय की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी नूतन मिश्र को सौंपी गई। आयोजकों के अनुसार रथयात्रा 17 जुलाई को शाम 4 बजे भुईफोरवन नाथ मंदिर से शुरू होगी। यात्रा संकटा देवी चौराहा, श्रीराम चौक, हीरालाल धर्मशाला, रोडवेज बस अड्डा, गुरु गोविंद सिंह चौक, घंटाघर, अस्पताल रोड, पुन: श्रीराम चौक, मेन रोड, हमदर्द दवाखाना और कचहरी रोड होते हुए रात करीब 8 बजे बिलोबी हॉल पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की आरती, भजन–कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ रथयात्रा का समापन होगा। बैठक में पूर्व प्राचार्य डॉ. डी.एन. मालपानी, समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार तोलानी, उमेश शुक्ला, नूतन मिश्र, मनमीत सिंह सहित करीब डेढ़ दर्जन व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा नगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है तथा इसकी गरिमा बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।

# शीशम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका

- रात से लापता था युवक, सुबह भूलभुलैया मंदिर के पास पेड़ से लटका मिला शव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा सिंगाही के पूर्वी हिस्से में स्थित भूलभुलैया मंदिर के पास मंगलवार सुबह एक युवक का शव शीशम के पेड़ से फंदे पर लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मंगलवार सुबह भूलभुलैया मंदिर के निकट मोनू त्रिवेदी के खेत की मेड़ पर लगे शीशम के पेड़ से एक व्यक्ति के फंदे पर लटकने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और उसकी पहचान कस्बा सिंगाही के वार्ड नंबर एक, मोहल्ला पश्चिम चमरौधा निवासी 30 वर्षीय राजकुमार उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर गौतम के रूप में की। मृतक के बड़े भाई रामस्वरूप ने बताया कि राजकुमार सोमवार दोपहर करीब तीन बजे घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। वहीं क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि की जा सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### मानसूनी बारिश से खिले किसानों के चेहरे, कृषि कार्यों में जुटे अन्नदाता



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में सोमवार रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक हुई मूसलाधार मानसूनी बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। लंबे इंतजार के बाद हुए इस झमाझम बरखा से जहां आम जनता को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं क्षेत्र के अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इस मानसूनी फुहार को खेती किसानी के लिए संजीवनी माना जा रहा है, जिसके बाद ग्रामीण अंचलों में कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं।पिछले कई दिनों से पड़ रही तल्ख धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान की नर्सरी (बेहन) सूखने की कगार पर पहुंच चुकी थी। पानी के अभाव में पीली पड़ रही फसलों को देखकर क्षेत्र के किसान बेहद मायूस और चिंतित नजर आ रहे थे।सोमवार रात से शुरू हुई बारिश ने खेतों की प्यास बुझा दी है।खेतों में पर्याप्त पानी इकट्ठा होने के बाद अब किसानों ने धान की रोपाई के लिए कमर कस ली है मंगलवार की सुबह बारिश थमते ही क्षेत्र के हलिया, बरी, अहुंगी कला, हथेड़ा, मधोर, भटवारी सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों के किसान अपने ट्रैक्टर लेकर खेतों की ओर रवाना हो गए। हर तरफकिसान और मजदूर कृषि कार्यों में व्यस्त नजर आये। अच्छीं बारिश होने से बाजारों में खाद बीज की मांग बढ़ गई है हलिया मुख्य बाजार स्थित कृषि सेवा केंद्रों पर सुबह से ही किसान उन्नत किस्म के के बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों की खरीदारी में जुट गए हैं,।

# उपजिलाधिकारी ने एन एच 135 ए की काश्तकारों द्वारा रोकी गई सड़क का किया स्थलीय निरीक्षण

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के लालगंज के बस्तरा मोड़ से हलिया होकर जडकुड तक एनएच 135 ए पर रोके गये सडक निर्माण का उपजिलाधिकारी ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर लोगों का बयान लिया है। तीन वर्ष पूर्व महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य को काश्तकारों व वन विभाग द्वारा रोक दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से जानकारी ली है। उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश को जोडने वाली सडक पर लगभग तीन गांव में 2 किलोमीटर सड़क गड्ढा युक्त होने से लोगों को परेशानी हो रही है लोग गिर कर चोटिल भी हो रहें है जिसको जनहित में ध्यान रखते हुए भटवारी गांव के ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गड्ढा युक्त सड़क से हो रहे दुर्घटना से बचाव के लिए सडक निर्माण करने की मांग की थी जिस पर जिला अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे व लेखपाल विनोद कुमार को लेकर भटवारी गांव में गड्ढा युक्त सड़क निरीक्षण कर जायजा लिया।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हलिया में मंगलवार एसआई रमाशंकर व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान कांस्टेबल राजेश मौर्य द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) – 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में घायल एडीओ कृषि रक्षा केदारनाथ द्विवेदी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



घुघली विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) केदारनाथ द्विवेदी का मंगलवार की भोर में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। 29 जून को महराजगंज नगर के गोरखपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके निधन से विकास खंड कार्यालय, प्रशासनिक महकमे तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। 29 जून की सुबह केदारनाथ द्विवेदी अपनी पत्नी सत्यभामा द्विवेदी के साथ प्रतिदिन की भांति मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया। हालत में सुधार नहीं होने पर केदारनाथ द्विवेदी को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक चले उपचार के बावजूद मंगलवार की भोर में उन्हें हृदयाघात आया और उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी सत्यभामा द्विवेदी की हालत में सुधार होने पर चार दिन पहले अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। स्वर्गीय केदारनाथ द्विवेदी अपने सरल, सौम्य और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के कारण अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके असामयिक निधन से विकास खंड परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के गोरखपुर मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष बृजेंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि वशिष्ठ कुशवाहा, कमलेश शाही, राकेश पटेल, बड़े बाबू बीके सिंह, तेजप्रताप मिश्र, सिद्धार्थ सिंह, राजाराम गुप्ता, चतुर्भुजा सिंह, सचिव बृजेंद्र कपिल श्रीवास्तव, अभिषेक मणि, ऋषिकेश यादव सहित अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### आटो के अचानक ब्रेक से सड़क हादसा, शादी से लौट रहे चाचा-भतीजा घायल



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** श्याम देउरवा थाना क्षेत्र के गोरखपुर–महराजगंज मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे ऑटो चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे पल्सर बाइक सवार चाचा–भतीजा घायल हो गए, जबकि उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, सिदुरिया थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर निवासी समीउल्लाह (35) अपने चाचा हमीद के साथ भटहट क्षेत्र के डिहवा टोला में आयोजित एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में गोरखपुर–महराजगंज मार्ग पर आगे चल रहे एक ऑटो चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर ऑटो से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में समीउल्लाह के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई, जबकि उनके चाचा हमीद को भी चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। परतावल चौकी प्रभारी आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# काली मंदिर से चोरी हुआ 10 किलो का पीतल का घंटा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

- चौक पुलिस की त्वरित कार्रवाई, पूछताछ में बरामद हुआ चोरी का घंटा, आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



चौक थाना क्षेत्र स्थित काली मंदिर से चोरी हुए पीतल के घंटे की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 10 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

थाना चौक पुलिस के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 111/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) एवं 317(2) के तहत दर्ज मामले की विवेचना के दौरान वांछित अभियुक्त सुग्रीव पुत्र चित्री, निवासी ग्राम सवरेजी, थाना कोतवाली, जनपद महराजगंज, उम्र लगभग 58 वर्ष, को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ और तलाशी के दौरान मंदिर से चोरी किया गया लगभग 10 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि काली मंदिर से घंटा चोरी होने की घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में नाराजगी व्याप्त थी। धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच तेज की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर चोरी या अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चोरी गए घंटे की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर इसी तरह सतर्कता बरती जाएगी।